दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी





हमारे प्रेरणादायी महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री

हृदय से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें ....

वर्ष : 09 | अंक : 294 | लखनऊ, 30 सितम्बर, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 66,009.15

निफ्टी 19,674.25

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में यूपी की ऊंची छलांग, कई श्रेणियों में देश में नंबर वन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश एबीडीएम को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

2.73 करोड़ मेडिकल हिस्ट्री भी अपडेट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

अधिक से अधिक प्राइवेट हेल्थ सेंटर को जोड़ने में जुटी योगी सरकार

इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 38,863 हेल्थ फैसिलिटी सेंटरों को रजिस्टर किया जा चुका है। इनमें सरकार और प्राइवेट स्वास्थ्य सुविधा केंद्र शामिल हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। कर्नाटन प्रथम स्थान पर है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि जितनी जल्दी हो सके प्रदेश के अधिक से अधिक प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ जोड़ा जाए।

डिजिटल टोकन से ओपीडी के लिए अब 4-5 मिनट की वेटिंग

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्कैन एंड टोकन जनरेट करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। यूपी में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सेवा के उपयोग से ऑनलाइन ओपीडी के लिए 33,79,592 टोकन रजिस्ट्रेशन किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इस रैंकिंग में कर्नाटक दूसरे, जम्मू एवं कश्मीर तीसरे, दिल्ली चौथे, आंध्र प्रदेश पांचवें और छत्तीसगढ़ छठे स्थान पर है। डिजिटल ओपीडी टोकन रजिस्ट्रेशन का सबसे बड़ा लाभ ये हुआ है कि पहले जहां आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों को ओपीडी में दिखाने के लिए तकरीबन एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ता था, जोकि अब घटकर 5 मिनट रह गया है। तकरीबन 34 लाख बार मरीजों ने अबतक स्कैन एंड टोकन जनरेट सुविधा का लाभ उठाया है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में शामिल होने का किया आह्वान

अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे, हमें एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आना है।

स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। एक स्वच्छ भविष्य की शुरूआत करने के लिए इस महान प्रयास में शामिल हों। यह अभियान महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर शुरू किया जाएगा। राष्ट्रपिता ने जीवन भर स्वच्छता पर जोर दिया था।

संक्षिप्त समाचार

एमसीडी स्कूल की खराब हालत के पीछे भाजपा के 15 साल का कुप्रबंधन : आतिशी

नई दिल्ली, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा संचालित स्कूलों की खराब हालत के लिए निगम में रहे भाजपा के 15 साल के कार्यकाल को जिम्मेदार ठहराया और इस दौरान भाजपा पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया। आतिशी ने निजामुद्दीन क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान इसके रखरखाव में लापरवाही की ओर इशारा किया और प्राचार्य को समस्या का समाधान करने का अल्टीमेटम जारी किया। शिक्षा मंत्री ने कहा, स्कूल के प्राचार्य को समस्या का समाधान करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है, अन्यथा उन्हें निलंबन का सामना करना होगा। इस बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर ने आरोप लगाया कि आतिशी ने निरीक्षण के दौरान स्कूल के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया।

दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सुबह मामूली गर्मी रही और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। सुबह साढ़े आठ बजे तक सापेक्षिक आर्द्रता 84 प्रतिशत थी।

मुख्यमंत्री गहलोत ने अधिकारियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति के दिये निर्देश

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जून-जुलाई में अच्छी बारिश से फसलों की बुवाई बढ़ी, जबकि अगस्त में कम बारिश और गर्मी से विद्युत की मांग में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि कोयले की कम आपूर्ति से भी विद्युत मांग और आपूर्ति में अंतर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बावजूद राज्य सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी महीनों में भी आपूर्ति में कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत ने बृहस्पतिवार देर रात राज्य में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने, अपरिहार्य कटौती में कमी करने और उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना के बाद ही कटौती करने के निर्देश दिए। गहलोत ने कहा कि सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए महंगी दरों पर भी बिजली खरीद के लिए तैयार है, ताकि त्यौहारों में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को दी मंजूरी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी देने के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में कानून बन गया। राष्ट्रपति मुर्मू की सहमति मिलने के बाद भारत सरकार ने शुक्रवार को महिला आरक्षण विधेयक के लिए एक गजट अधिसूचना जारी की। अब इसके अधिनियम बन जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। हालांकि आरक्षण नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा।

संसद के एक विशेष सत्र में, महिला आरक्षण विधेयक को इस महीने लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित किया गया, जिससे यह भारतीय संसद द्वारा एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गई क्योंकि इसने 19 सितंबर को अपना संचालन नए संसद भवन में स्थानांतरित कर दिया। केवल एआईएमआईएम ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इससे केवल सवर्ण महिलाओं का उत्थान होगा क्योंकि मुस्लिम महिला प्रतिनिधियों के लिए कोई आरक्षण नहीं है। कांग्रेस ने भी ओबीसी आरक्षण की मांग की और संसद में इसके पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद भी इसे लागू होने में लगने वाले लंबे समय पर सवाल उठाया।

पीएम मोदी के कार्यकाल में बुनियादी जरुरतें पूरी होने से गरीबों का जीवन खुशहाल हुआ : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार में देश में गरीबों की बुनियादी जरूरतें पूरी होने के कारण आजादी के 70 साल बाद उनका जीवन स्तर सुधरा है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री यहां आधा दर्जन से अधिक शक्ति केंद्रों में पार्टी के बूथ कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आजादी के 70 साल बाद पहली बार गरीबों की बुनियादी जरूरतें पूरी होने से उनका जीवन खुशहाल हो गया है। आगामी चुनावों में, लोग राष्ट्र निर्माण के लिए राज्य में भाजपा सरकार को वोट देंगे और 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल देने का संकल्प भी लेंगे। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जातिवाद के बीज बोए, जिसका मतदाताओं द्वारा करारा जवाब दिया जाएगा क्योंकि वे विकास की राजनीति चाहते हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि परिवर्तन की क्रांति और अपने आप में एक संस्था हैं। उन्होंने दावा किया, दुनिया के प्रमुख नेता उनका अनुसरण कर रहे हैं। यह भारत का स्वर्णिम काल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करने वाले विधेयक को संसद से पारित कराया और पार्टी के लोगों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि महिलाओं को अधिक जिम्मेदारियां मिले। हरदा के कद्दावर भाजपा नेता एवं मप्र के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कमल पटेल ने भी पार्टी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

केंद्र का 'सौतेला' व्यवहार राज्य को पहुंचा रहा नुकसान

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल के अनुसार, विकास चरण से गुजरते हुए केरल बुनियादी ढांचे, औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में बहुत अच्छे विकास के लिए तैयार है, जो रोजगार के अधिक अवसर पैदा करेगा। राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य पर चिंताओं के बीच उन्होंने कहा कि राजस्व सृजन पिछले वित्त वर्ष में 71,000 करोड़ रुपये तक बड़ी छलांग लगा है, लेकिन केंद्र सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण तरलता की कमी हो गई है। एक साक्षात्कार में बालगोपाल ने हालिया फिच रेटिंग्स सहित विभिन्न एजेंसियों की रिपोर्टों का हवाला देते हुए पुष्टि राज्य अब बहुत अच्छे आर्थिक विकास के दौर से गुजर रहा है।

हाल के महीनों में वाम शासित केरल राजकोषीय मोर्चे पर भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र के कदमों के खिलाफ आवाज उठा रहा है, जिसमें जीएसटी फंड जारी करने में कथित देरी और धन जुटाने के मामले में राज्य पर अंकुश शामिल है। बेहतर राजस्व सृजन के लिए वित्त विभाग द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए, मंत्री ने कहा कि कुशल कर प्रशासन के माध्यम से, 2021 में सत्ता में आई दूसरी पिनाराई विजयन सरकार ने राज्य के स्वामित्व वाले कर राजस्व (एसओटीआर) में एक बड़ी छलांग लगाई है और दावा किया कि यह केरल की आर्थिक वृद्धि का संकेत है।

राज्य सीपीआई (एम) के एक वरिष्ठ नेता बालगोपाल ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह केरल को विभिन्न संसाधनों से उसके वैध शेयरों से वंचित कर रही है, जिससे गंभीर तरलता संकट पैदा हो रहा है।

भारत राष्ट्र समिति के तीन नेता कांग्रेस में हुए शामिल

खरगे की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के तीन नेता वेमुला वीरशम, मैनापल्ली हनुमंत राव और मैनापल्ली रोहित बृहस्पतिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। बीआरएस के इन तीनों नेताओं ने अपनी पुरानी पार्टी से नाता तोड़ने के बाद यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बजाज फिनसर्व

कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस की विचारधारा और जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर इन नेताओं ने खरगे जी की उपस्थिति में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस परिवार में आपका स्वागत है। आइए, देशहित के लक्ष्य की ओर मिलकर कदम बढ़ाएं। हनुमंत राव बीआरएस के वरिष्ठ नेता रहे हैं और हाल ही में उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वह विधानसभा के सदस्य हैं। मैनापल्ली रोहित उनके पुत्र हैं। वीरशम पूर्व विधायक हैं। कांग्रेस तेलंगाना में बीआरएस को कड़ी चुनौती देने की कोशिश कर रही है। प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संपत्ति विवाद में भूमिका को लेकर गोंडा के भाजपा सांसद को दिया नोटिस

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने दो निजी पक्षों के बीच संपत्ति विवाद के संबंध में एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए गोंडा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को नोटिस जारी किया।

बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद पीठ ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से कहा था कि मामले की जांच के दौरान मानकपुर थाने के प्रभारी एसके सिंह और अपराध शाखा के निरीक्षक एके राय को जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाए। मामला गुरबचन कौर और उनके दो बेटों द्वारा दायर एक रिट याचिका से संबंधित है। याचिका में उन्होंने आरोप लगाया है कि सांसद के कहने पर 15 सितंबर को कुछ पुलिसकर्मी उनके घर में घुस आए और उन्हें घर खाली करने को कहा। गुरबचन कौर ने आरोप लगाया कि अगले दिन भी कुछ लोग उनके घर में घुस आए और मकान खाली करने को कहा। याचिकाकताओं के वकील रिशाद मुर्तजा ने न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति एनके जौहरी की पीठ के समक्ष कहा कि कि कुलवंत कौर और उनके समर्थक गुरबचन कौर का घर हड़पना चाहते हैं। वकील ने कहा, इस उद्देश्य के लिए, थाना प्रभारी और अपराध शाखा के निरीक्षक कथित तौर पर स्थानीय सांसद के प्रभाव में याचिकाकताओं के घर गए और उन्हें घर खाली करने की धमकी दी। वकील ने कहा कि पुलिसकर्मी विवादित मकान में गये थे जो पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट से स्पष्ट है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि उन्हें किसी दीवानी विवाद में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने याचिकाकताओं से उन पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए संबंधित अदालत का रुख करने को भी कहा, जो उनके घर में घुस आए थे। पीठ ने प्रतिवादियों को अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 18 अक्टूबर तय की।

मथुरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन चढ़ जाने की घटना के बाद पांच रेलकर्मी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

मथुरा, मथुरा स्टेशन पर मंगलवार को प्लेटफार्म पर ईएमयू ट्रेन चढ़ जाने की घटना की जांच लंबित रहने तक उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के पांच कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है लेकिन रेलवे ने उसे सत्यापित नहीं किया है। मंगलवार रात को यह घटना घटी थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मंगलवार रात में दिल्ली के शकूर बस्ती से आयी ईएमयू ट्रेन मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर चढ़ गयी थी। ट्रेन के कारण ओएचई लाइन भी प्रभावित हुई थी। आगरा संभाग की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। हालांकि एनसीआर अधिकारियों ने इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है। एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमाशु शेखर उपाध्याय ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस घटना के बाद पांच रेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वे लोको पायलट गोविंद हरिशर्मा, हेल्पर (विद्युत) सचिन, तकनीशियन 3 कुलजीत, तकनीशियन 1 बृजेश और हरबन कुमार हैं। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय जांच समिति इस घटना की जांच के लिए बनायी गयी है। जब उनसे इस वीडियो के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या निलंबित कर्मियों में कोई घटना के वक्त नशे की हालत में था तो उन्होंने कहा कि ऐसा ब्योरा जांच समिति की रिपोर्ट के बाद ही सामने आयेगा।

राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सुलतानपुर, जिले के बल्दीराय बाजार में बृहस्पतिवार को बारावफात के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बल्दीराय थाने के प्रभारी (एसएचओ) अमरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा, एक वीडियो संज्ञान में आया है जिसमें बारावफात के जुलूस के दौरान तिरंगे जैसा झंडा लहराते हुए देखा जा रहा है। उक्त झंडे पर कुछ लिखा हुआ है। कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह वीडियो बल्दीराय बाजार में निकाले गए बारावफात जुलूस का है। थाना प्रभारी ने कहा, हमने मामले के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जांच जारी है।

किशोरी से गैगरेंप का फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक फैक्ट्री में ले जाकर गैगरेंप करने के फरार दूसरे आरोपी को भी शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया क्षेत्र के एक गांव में भाई से झगड़े के बाद नाराज होकर किशोरी ने घर छोड़ दिया था, पूर्व परिचित नागेश कोरी उर्फ प्रदुम को किशोरी एक गांव के पास बैठी मिली तो वो नौकरी दिलाने का झांसा देकर गोपालखेड़ा में स्थित प्लाई फैक्ट्री में अपने दोस्त शरीफ खान निवासी लालपुर करौता थाना महम्मदपुर जनपद बहराइच के कमरे पर ले गया था,जहां दोनो ने किशोरी के साथ गैगरेंप किया था,जिसके बाद वो बेहोश हो गयी थी,होश में आने पर किशोरी ने अगल-बगल के लोगो से मदद मांगकर अपने घर पर सूचना दी,परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस किशोरी को थाने ले लायी थी.मां की तहरीर पर आरोपी नागेश व शरीफ पर गैगरेंप समेत अन्य संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने नागेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,फरार दूसरे आरोपी शरीफ खान की तलाश में जुटी पुलिस ने शुक्रवार को किसान पथ ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

रेलवे विभाग में तैनात अधिकारी के ऊपर दूसरी शादी करने के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजनौर के न्यू गुड़ौरा निवासी निशा कुमारी ने पश्चिम बंगाल प्रांत के कोलकाता दक्षिण स्थित रेलवे विभाग में तैनात कैलाश चंद शर्मा के खिलाफ बिना बताए दूसरी शादी करने के साथ ही बाद में नाता तोड़ने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता निशा कुमारी के मुताबिक वर्ष 2018 अप्रैल माह में उसकी मुलाकात चारबाग रेल विद्युतीकरण में नौकरी करने के दौरान ऑफिस के ही अधिकारी कैलाश चंद शर्मा से हुई। इसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ी और दो माह बाद दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। निशा का कहना है कि इसके बाद 14 फरवरी 2021 को परिजनों की मौजूदगी में दोनों की शादी हुई और 27 जुलाई 2021 को दोनों से एक बेटी पैदा हुई। बाद में कैलाश का राँची और कुछ दिनों बाद कोलकाता ट्रांसफर हो गया। पीड़िता का कहना है कि लेकिन वह छुट्टी लेकर लखनऊ स्थित घर आते जाते रहे। इसी बीच निशा को कैलाश के ऊपर संदेह हुआ और वह कोलकाता गई। जहां उसे पता चला कि कैलाश पहले से ही शादीशुदा होने के साथ ही उसके कई अन्य युवतियों से संबंध हैं। जबकि पीड़िता का कहना है की शादी के पहले कैलाश ने उसे पहली पत्नी से तलाक हो जाने की बात बताई थी। आरोप है कि जब जानकारी होने पर पीड़िता ने इस मामले का विरोध किया तो आरोपी कैलाश ने अपनी बेटी को मानने से इनकार करते हुए उससे हुई शादी की बात पर भी इनकार किया। साथ ही निशा की बुरी तरह पिटाई करने के साथ उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बिजनौर पुलिस निशा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

टैंकर चालक के खिलाफ टक्कर मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। पारा के शीतलापुरम राजाजीपुरम निवासी देवेश कुमार वर्मा ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ टक्कर मारकर घायल करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवेश का कहना है कि गुरुवार को वह सरोजनीनगर में बेहसा, ट्रांसपोर्ट नगर से बाग नंबर- दो की तरफ अपनी बाइक से जा रहा था। तभी शहीद पथ तिराहे से पहले सर्विस लेन पर इंडिकेटर देकर दाहिनी तरफ मुड़ने के दौरान टैंकर (यूपी 17 एटी 6069) के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और उसकी बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल पुलिस टैंकर नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर उसके चालक का पता लग रही है।

26 पुड़िया अवैध स्मैक / हीरोइन के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलाके से एक युवक को 26 पुड़िया अवैध स्मैक / हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक गुरुवार को थाने के उप निरीक्षक शिवम पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बिजनौर की तरफ से सरोजनीनगर तहसील की ओर अवैध स्मैक / हीरोइन लेकर बेचने जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर अपने मातहत सिपाहियों के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक ने युवक को किसान पथ अंडर पास के पास धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम बिजनौर के ही कासिम खेड़ा निवासी सुशील कुमार यादव उर्फ शेर बताया। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके पास से 26 पुड़िया स्मैक / हीरोइन बरामद हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुशील को जेल भेज दिया है।

सरकारी जमीन को भूमाफिया से कब्जामुक्त कराया

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। शासन के निर्देश पर लगातार प्रशासनिक राजस्व अमला भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे को लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सरकारी जमीनों को मुक्त करने का अभियान चल रहा है। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर के आदेश पर भू माफियाओं द्वारा कब्ज की गई सरकारी जमीन को राजस्व टीम को भेज कर कब्ज मुक्त कराया गया। राजस्व टीम ने बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बीबीपुर में गाटा संख्या 473 व 465 जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर और बंजर के रूप में दर्ज हैं, जिसका कुल रकबा 0.285 हेक्टर जिसका बाजार मूल्य 30 लख रुपए है। जिस पर से अवैध कब्जा हटाया गया। इसी तरीके से थाना क्षेत्र के हरौनी में भी भूमाफियाओं के चंगुल से सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने का काम उप जिलाधिकारी द्वारा गठित राजस्व टीम ने किया है।

वाहन ने मजदूर को कुचला,मौत

मिट्टी खनन में चल रहे डम्फर से हुआ है यह हादसा ग्रामीणों का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक अज्ञात वाहन ने एक मजदूर को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की रात करीब 9 बजे बंथरा बिजनौर मार्ग पर थाने से चंद कदमों की दूरी पर माता जसजीत आश्रम के सामने किसी अज्ञात वाहन ने ग्राम सभा अंधपुर देव के रहने वाले प्रमोद कुमार पुत्र धनीराम उम्र लगभग 35 वर्ष को कुचल दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत मौके पर ही मौत गई।मृतक बिजनौर में मजदूरी करके घर वापस आ रहा था की अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। मृतक की शादी हो गई थी लेकिन कोई भी संतान नहीं हुई थी।आश्रम के पास कैमरे लगे हुए हैं,पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कराया है, लेकिन किसी तरह का अज्ञात वाहन का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों का आरोप है कि मृतक प्रमोद को मिट्टी खनन में लगे दौड़ रहे डंपर ने ही कुचल दिया है, जिससे उसकी मौत हुई है।

डॉ प्रभा कान्त मिश्र अध्यक्ष सुधीर सहगल महामंत्री निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद लखनऊ की शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं त्रिवर्षीय अधिवेशन दारूल सफा कामन हाल में मंडलीय पर्यवेक्षकों एवं चुनाव अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें चुनाव अधिकारियों द्वारा अध्यक्ष पद पर डॉ प्रभा कान्त मिश्र, महामंत्री पद सुधीर सहगल, मंत्री पद रेखा शुक्ला , कोषाध्यक्ष पद हेतु मनोज मौर्य, उपाध्यक्ष राकेश कुमार बाजपेई, राखी वर्मा, रेनू सिंह, कविता छाबड़ा, अंजय कुमार दास, शिखा त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री मंजू चौधरी, संजय पांडे , डॉक्टर संतोष साहू, चंद्रकांता विश्वास, रेनू त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य मनीषा वाजपेई, प्रेम तिवारी, किरण त्रिवेदी, जितेन पांडे , विनीत मिश्रा मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता को निर्वाचित घोषित किया गया । नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ प्रभा कान्त मिश्र ने बताया कि मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ परिषदीय शिक्षकों की समस्याओं के समाधान लिए संघर्षरत रहूंगा तथा अपने कर्तव्यों का पालन करुंगा अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक सहित प्रदेश मंडलीय जनपदीय अध्यक्ष , महामंत्री, पदाधिकारी एवं डेलीगेट सहित सैकड़ो शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे तथा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी ।

मलिहाबाद में बारह घंटे गुल रही बिजली, उपभोक्ता परेशान

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। हाई टेंशन अंडरग्राउंड लाइन केबिल में पानी के रिसाव से उत्पन्न नमी के कारण हुए ब्लास्ट से तहसील पावर हाउस, चांदपुर फीडर, मिजार्गंज से सेवित मलिहाबाद कस्बे सहित 40 गांवों की लगभग 30,000 की आबाद करीब 12 घंटे तक बिजली संकट झेलती रही इस दौरान रोशनी और पेयजल की किल्लत से लोग परेशान रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रहीमाबाद पावर हाउस से मलिहाबाद पावर हाउस को जोड़ने वाली 33 के वी हाई टेंशन लाइन के अंडरग्राउंड केबल में रहीमाबाद राधे लाल ढाबा के पास अंडरग्राउंड जोड़ में पानी के रिसाव की वजह से उत्पन्न हुई नमी की वजह से शुक्रवार सवेरे लगभग 10 बजे ब्लॉस्ट हो जाने से हुए ब्रेकडाउन को ढूंढने में फाल्ट लोकेटर टीम को लगभग 6 घंटे लग गए। शाम करीब पांच बजे के आस पास लखनऊ से पहुंची टीम केबिल जोड़कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रही थी।

इन जगहों पर फाल्ट के चलते गुल रही बिजली

चांदपुर फीडर- नजर नगर, बिराहिमपुर, बदौरा, फूलचंद खेड़ा, माधवपुर, मोहद्दीपुर, कुंडरा कला, गढ़ी संजर खां, कुंडरा खुर्द, भुलभुला खेड़ा, चांदपुर, हासिमपुर, ईशापुर, कहला, सुरगौला, रूपनगर, भतोइया, भिम्माखेड़ा, गोंदा, गुलाल खेड़ा, नत्थाखेड़ा, सलामत खेड़ा, नई बस्ती, औलिया खेड़ा, धनाखेड़ा, खड़ौहां, संतनगर, चिहुंटा, भावाखेड़ा, अहमदाबाद, रसूलपुर, गौरैयन खेड़ा, मानखेड़ा कटौली, टिकरी खुर्द आदि।

तहसील फीडर- केवलहार, जोशिनटोला, झंडातला, शीतलन टोला, मोहम्मडन टोला, बउली, धड़धड़ा, मुंशीगंज, चौधराना, सैय्यदवाड़ा, समदा तालाब, मिरदहन टोला, बस्ती धनवंतराय, बशारत तरफदार, बजरिया, दुअरतला आदि।

मिजार्गंज फीडर- गल्लामंडी, अवध बिहारी मार्ग, चोघड़ा, मछली मंडी, मलिहाबाद चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नया पुराना, बारहदरी, सब्जी मंडी, हरदोई रोड, नींबूबाग, मिजार्गंज, माल रोड रेलवे क्रॉसिंग सहित आदि जगहों पर घण्टो गुल रही बिजली ।

बेसिक विद्यालय में बनी पहली नक्षत्रशाला, बच्चो को मिलेगा नक्षत्रो का ज्ञान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, निगोहां गांव के बेसिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब मामूली परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र नहीं बल्कि खगोल विज्ञान जानने वाले बाल विज्ञानी हैं.बेसिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खगोलीय ज्ञान बढ़ाने की पहल करते हुये बीडीओ पूजा सिहं की प्रेरणा से पहली खगोलीय नक्षत्रशाला खोली गयी है, विद्यालय के कक्ष में पंचायत निधि से बनायी गयी खगोलीय नक्षत्रशाला का शुक्रवार को शुभारम्भ स्कूल की छात्रा चांदनी ने बीडीओ पूजा सिहं व प्रधान अभय कान्त दीक्षित की मौजूदगी में फीता काटकर किया।बीडीओ पूजा सिंह ने बताया विद्यालय में अनूठी पहल के तहत खगोलीय नक्षत्रशाला स्थापित कराने का मुख्य उद्देश्य यह था कि बच्चे खगोलीय ज्ञान भी विकसित कर सकें। प्रधानाध्यापिका ममता वर्मा ने विद्यालय में नक्षत्रशाला बनवाये जाने पर बीडीओ व प्रधान को धन्यवाद देते हुये कहा विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्वि होने के साथ ही आस-पास के स्कूलो को भी लाभ मिलेगा।स्कूल में नक्षत्रशाला बनने से बच्चे भी बहुत खुश दिखे।इस मौके पर संयुक्त खंड विकास अधिकारी शैलेन्द प्रकाश , एपीओ मनरेगा उदय सिंह, प्रधानाध्यापिका ममता वर्मा,विभा, रेखा चौधरी समेत छात्र-छात्राये मौजूद रही।

बाबा बैजनाथ धाम से लौटे कॉवड़ियो ने विशाल भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

निगोहॉ। बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन कर लौटे कॉवड़ियो ने निगोहां कस्बे में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। किया। निगोहां इलाके के गांवो से श्रद्धालू संतोष शर्मा,शिवचंद गुप्ता ,मोनू शर्मा, अनुज अवस्थी,विनीत मिश्रा,टिंकू शर्मा,श्रीराम चौरसिया, अभिषेक गुप्ता समेत 200 कॉवड़ियो की टोली 13 सितम्बर को बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन को ट्रेन से रवाना हुयी थी,झारखंड के सुल्तानगंज से कावड़ में जल भरकर कावड़ियों का जत्था 125किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर जलाभिषेक कर दर्शन किये थे।बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौट कॉवड़ियों ने शुक्रवार को निगोहां कस्बे में विशाल भंडारे का आयोजन कर राहगीरो समेत ग्रामीणो पुड़ी-सब्जी व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया।

कैनकिड्स ने मनाया कैंसर जागरूकता माह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सितंबर माह बाल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है।देश-विदेश में इस माह में कैंसर पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों की ताकत, धैर्य और दृढ़ता को सम्मानित किया जाता है व जागरूकता पैदा की जाती है। ताकि बच्चों का इलाज सही समय पर व सही कैंसर सेंटर में किया जा सके। कैनकिड्स संस्था ने नेशनल हेल्थ मिशन के साथ इस माह जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित किया। इस साल हमारा विषय है कैंसर से पीड़ित बच्चे जीवित रह सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में इसी थीम पर कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके अंतर्गत सितंबर महीने के दौरान बहुत सारी जागरूकता गतिविधियाँ उत्तर प्रदेश में की गयी, जैसे - अस्पताल आधारित-गतिविधि, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, स्कूल और कॉलेज जागरूकता, सामान्य जागरूकता आदि शामिल हैं। इस महीने के दौरान पांच जिलों (सीतापुर, लकीमपुरखीरी, उन्नाव, रायबरेली और शाजहाँपुर) और 14 सीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षणों द्वारा कुल 637 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है । अयोध्या और सुल्तानपुर में एमओआईसी की बैठक के दौरान भी जागरुकता का कार्य किया । साइंस सिटी और पुस्तक मेले में कैंसर सर्वाइवर्स द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया ।

29 सितंबर को कैनकिड्स पेरेंट्स एंड सर्वाइवर्स फोरम और चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस एक्टिविटीज (हाइब्रिड) का आयोजन किया गया इस एक्टिविटी में पूरे उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से माता-पिता और कैंसर प्रभावित बच्चों ने भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टर कैंसर मरीजों और उनके अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया गया

मरीजों और उनके माता-पिता द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर डॉ. अर्चना कुमार - अपोलो अस्पताल और कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से डॉ. गीतिका पंत ने दिया । इस आयोजन में कुल 172 माता-पिता और कैंसर रोगियों ने भाग लिया। डॉ.अर्चना कुमार और डॉ.गीतिका पंत ने मरीजों और उनके अभिभावकों के सभी सवालों का जवाब दिया

29 सितंबर को कैंसर सर्वाइवर और स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. योगिता भाटिया ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात की और उनको कैनकिड्स की गतिविधियों से अवगत कराया यह जागरूकता गतिविधि कैनकिड्स राज्य टीम के कैंसर सर्वाइवर्स द्वारा की गई

भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को कथा व्यास दिनेश शास्त्री जी महाराज द्वारा हवन-पूजन कराया गया.जिसके बाद कन्याओ को भोजन कराकर आयोजित भंडारे में पूड़ी-सब्जी व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। भागवत कथा व भंडारे का आयोजन राम सुख साहू व विनोद साहू ने ग्रामीणो के सहयोग से किया। भंडारे में पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर ,वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद तिवारी,राजेश पाडें,शिव नारायण बाजपेयी,पत्रकार एसोसिएशन संयुक्तमंत्री अनुपम मिश्रा,विनीत मिश्रा,सभासद अरूण कुमार,भाजपा नेता सतीश शुक्ला समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग व ग्रामीणो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

घरेलू कलह के चलते मजदूर ने फांसी पर झूलकर लगाया मौत को गले

अमन लेखनी समाचार

मृतक विक्रम – फाइल फोटो

लखनऊ। घरेलू कलह के चलते मजदूर ने छत में लगे कुंडे के सहारे लटक कर मौत को गले लगा लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद नगर तालुकेदारी निवासी विक्रम (35) ने पारिवारिक/घरेलू कलह के चलते शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे छत में लगे कुंडे में पत्नी की साड़ी के सहारे लटककर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मृतक विक्रम मजदूरी कर अपना वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के परिवार में पत्नी जमुना, पुत्र कार्तिक (11) पुत्री रौनक (5)वर्ष है, जिनका रो रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

अज्ञात कारणों के चलते ट्यूबेल आपरेटर ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

मृतक योगेंद्र – फाइल फोटो

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते ट्यूबेल आपरेटर ने कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मुगलपुर निवासी योगेश (30) ने बृहस्पतिवार देर रात घर के कमरें में अज्ञात कारणों के चलते पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार योगेंद्र सरकारी नलकूप पर आपरेटर के पद पर मलिहाबाद क्षेत्र में तैनात था बृहस्पतिवार शाम को योगेंद्र खाना खाने के बाद अपने दूसरे मंजिल पर बने कमरे मे सोने चला गया। देर रात मे योगेंद्र के भतीजे कान्हा ने चाचा के पास सोने की जिद की तो बड़े भाई वीरेंद्र कान्हा को लेकर योगेंद्र के कमरे तक गए वहां पर योगेंद्र को पंखे से लटकता देख वह चिल्लाने लगा घर के सभी लोग एकत्र हुए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर पंहुची पुलिस ने योगेंद्र को नीचे उतारा तब तक योगेंद्र की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकरी के मुताबिक सात महीने पूर्व योगेंद्र की शादी सुरगौला निवासी लल्ला मौर्य की बेटी दीपिका के साथ हुई थी। दो दिन पहले योगेंद्र अपनी पत्नी को मायके छोड़कर आया था।

घटना के वक्त पत्नी घर पर नहीं थी। मृतक के परिवार मे पत्नी दीपिका, भाई वीरेंद्र, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

बाइक में पेट्रोल भराने के बाद बिना पैसा दिये भागे अज्ञात युवको पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बा स्थित टीआर सर्विस स्टेशन के मैनेजर ओम प्रकाश यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 26सितम्बर को एक बाइक सवार दो लोग पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भराने आये ओर टंकी पर काम करने वाले कर्मचारी दुर्गेश सिंह से 210रुपये का पेट्रोल बाइक में भरवाया,जिसके बाद बाइक सवार युवको ने पेमेंट के लिये स्कैनर मांगा,कर्मचारी दुर्गेश स्कैनर लेने चला गया तो बिना पैसे दिये बाइक समेत दोनो युवक मौके से भाग निकलें।जिसके बाद मैनेजर ने बाइक नम्बर के आधार पर पुलिस से शिकायत कर बिना पैसे दिये भागे अज्ञात युवको पर कार्यवाही की मांग की इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया मैनेजर की तहरीर पर बाइक के आधार पर अज्ञात युवको पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म, महिला समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात किशोरी का अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की एक गांव निवासिनी पीड़िता की मां ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार देर रात उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। उसकी जानकारी होते ही उसने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी बेटी की छानबीन शुरू की लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह वहीं पास में बने हाते में किशोरी को रस्सी के सहारे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया। तहरीर के आधार पर एसीपी मलिहाबाद ने जांच पड़ताल की जिसके बाद महिला समेत पांच आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षेप

फ्रॉड कर निकाली गई 44 हजार रुपये की धनराशि को साइबर सेल ने खाते में करायी वापस

उन्नाव।पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पीड़ित के खाते से के.वाई.सी. अपडेट करने के नाम पर फ्रॉड कर निकाली गई 52 हजार रुपये की धनराशि में से 44 हजार रुपये की धनराशि थाना कोतवाली सदर साइबर हेल्पडेस्क द्वारा वापस करायी गयी। बता दे की पीड़ित दयाशंकर मिश्रा पुत्र रामेश्वर मिश्रा निवासी आदर्श नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव ने 12 सितंबर को कोतवाली सदर जनपद उन्नाव में एक प्रार्थना पत्र दिया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा के.वाई.सी. अपडेट करने के लिये फोन कर मेरे खाते से 52 हजार रुपए फ्रॉड कर निकाल लिये है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली की साइबर क्राइम की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते से फ्रॉड कर निकाली गयी धनराशि 52 हजार रुपये मे से 44 हजार रुपये वापस कराये गये।

11 वर्षीय किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

सफीपुर, उन्नाव। परियर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव का युवक मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की महिला ने आरोप लगाते हुए युवक पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। परियर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 21 सितंबर की रात वह बच्चो के साथ घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रही थी।तभी देर रात गांव का ही युवक मेरी 11वर्षीय पुत्री का मुंह दबाकर गलत काम करने का प्रयास किया।किसी प्रकार पुत्री ने शोर मचाया तो परिजन जाग गए यह देख युवक भाग निकला मेरी पुत्री दहशत में है और वह कक्षा 8 की छात्रा है जो स्कूल जाने से डर रही है।महिला का आरोप है कि चौकी पुलिस से लेकर कोतवाली तक फरियाद लगाई लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई।उसने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और पुत्री का डॉक्टरी कराने की मांग की।परियर चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार ने बताया कि महिला का आरोप निराधार है।युवक शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था।उसके विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की जा चुकी है।

महिला प्रभारी को सौंपी गई थाने की कमान

औरास, उन्नाव। हाल ही मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने घोषणा की थी कि सभी जिलो मे कम से कम एक महिला थाना प्रभारी की नियुक्ती की जाय जिससे पीडित महिला अपनी समस्या एक महिला को बता सके उसी के क्रम मे उन्नाव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने उन्नाव के औरास थाना प्रभारी रहे विनोद कुमार मिश्रा को पी आर ओ पुलिस अधीक्षक बनाया है और पुलिस लाइन से रेखा सिंह को औरास थाने की कमान सौंपी गई है।

मुख्य प्राविधानो के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास भवन सभागार में उन्नाव के जनपद स्तरीय तथा विभिन्न सेवाओं के पदाभिहित अधिकारियों को डा0 राहुल सिंह, टीम हेड आरटीआई आनलाइन व स्टेट रिसोर्स पर्सन, प्रशासनिक सुधार विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अधिनियम 2011 के अन्तर्गत सभी विभागों के लिए अधिसूचित 10 कॉमन सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण तथा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के मुख्य प्राविधानों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डा0 सिंह द्वारा सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अधिनियम 2011 एवं सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार मौलिक अधिकार है एवं आम जनता के लिए वरदान है। जन सूचना अधिकारी का प्रमुख दायित्व है कि नागरिकों को समयबद्ध सूचना उपलब्ध करायी जाए। साथ ही उ0प्र0 जनहित गारन्टी अधिनियम 2011 के अन्तर्गत मांगी गयी अधिसूचित सेवा निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराया जाना भी राज्य सरकार का दायित्व है। उपरोक्त दोनो दायित्व मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है और इन्हीं दायित्वों के निर्वहन हेतु शासन की मंशानुरूप यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी निकाय/संगठन से निर्धारित शुल्क अदाकर आवश्यक सूचना प्राप्त कर सकता है। सूचना के अधिकार को और व्यापक करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 2019 से आरटीआई ऑनलाइन सेवा प्रारम्भ की गयी है। प्रत्येक विभाग के जन सूचना अधिकारी को आरटीआई अधिनियम 2005 की पूरी जानकारी होनी चाहिए। आरटीआई के अन्तर्गत समयबद्ध एवं वांछित सूचना का जवाब देना प्रत्येक जन सूचना अधिकारी का प्रमुख कर्तव्य है। यदि आरटीआई का समय से निस्तारण नहीं होता है, तो जन सूचना अधिकारी पर दण्ड अधिरोपित करने का भी प्रावधान है। आरटीआई के तहत कलैण्डर के अनुसार 30 दिन के अन्दर सूचना देना अनिवार्य है। सूचना देते समय हमेशा प्रमाणित डॉक्यूमेंट्स-ही उपलब्ध कराए जाएं। सूचना हमेशा निर्धारित प्रारूप पर ही दी जाए। आरटीआई के अन्तर्गत प्रत्येक सूचना, कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार दी जाए और जितनी सूचना आपके कार्यालय से संबंधित हो, उतनी ही उपलब्ध करायी जाए। सूचना देते समय किसी भी प्रकार की धारणा/विश्लेषण/परामर्श/राय आदि से बचने का प्रयास किया जाए। आरटीआई अधिनियम के अन्तर्गत केवल ऐसी सूचना प्रदान करना अपेक्षित है जो लोक प्राधिकरण के पास पहले से मौजूद है अथवा उसके नियंत्रण में है। जन सूचना अधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदक द्वारा उठायी गयी समस्या का समाधान करना या काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नहीं है।

डा0 सिंह ने उ0प्र0 जनहित गारन्टी अधिनियम 2011 के बारे में बताया कि इसके अन्तर्गत 46 विभागों की 409 तथा 10 कॉमन सेवाओं सहित कुल 419 सेवाओं को अधिसूचित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश का कोई भी व्यक्ति इन जनहित की सेवाओं को लेने के लिए पात्र है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन सेवाओं को उपलब्ध कराने की गारन्टी दी गयी है। उन्होंने अधिसूचित सेवाओं से संबंधित पदाभिहित अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा कि इन सेवाओं की उच्च स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। इसलिए अधिकारी गण इसकी गम्भीरता को समझें और लोगों तक जनहित की सेवाओं को ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर नोडल अधिकारी उ0प्र जनहित गारन्टी अधिनियम 2011 लखनऊ मण्डल, आर के यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, पीडी कमलेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारी गण मौजूद रहे।

दलित बस्तियों में जाकर लोगो से संपर्क कर विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहदानी बूथ संख्या 110,गढ़ा बूथ संख्या 76,आशायश बूथ संख्या 28 में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं अनुसूचित जाति बस्ती में लोगो से सम्पर्क करके केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।विधायक श्रीकान्त कटियार ने बताया इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी राष्ट्र में जो भी विकास होता है, उसे संभव बनाने में एक नेता महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।लेकिन यह नागरिक ही हैं जो एक अच्छी सरकार चुनकर इसे संभव बनाते हैं। पीएम मोदी ने अपना जीवन गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। केंद्र की तमाम प्रमुख योजनाओं ने भारतीय समाज की विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को हल करने में बड़ी मदद की है। उदाहरण के लिए, गरीबी को कम करने और रोजगार के अवसर पैदा करने का विचार कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से पूरा किया है। केवल इतना ही नहीं उद्योग से संबंधित कौशल मुफ्त में प्रदान करके एक सशक्त कार्यबल तैयार किया गया है। सरकार की इन योजनाओं ने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता की है। बाद में बाबा बोधेश्वर धाम बांगरमऊ में जावेद नाम के व्यक्ति ने करीब आधा दर्शन भक्तजनों पर प्राण घातक हमला करके घायल करने की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांगरमऊ पहुँचकर डॉक्टर से मिलकर घायल लोगो के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं मौके पर मौजूद बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह से कहा कि इस तरीके की घटना एक सभ्य समाज कभी बर्दाश्त नही करेगा घटना में जो भी लोग शामिल हैं उनको तुरन्त गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।साथ ही अपनी निधि से अस्पताल में संचालित आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर पुत्तीलाल गौतम,संगीता रावत,मनोज कुमार,श्यामलाल राठौर,संदीप सिंह, संजीव चौधरी,दीनू चौधरी,गिरीश वर्मा मौजूद रहे।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर एकत्र की मिट्टी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आजादी के अमृत महोत्सव मे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मे ग्राम सचिवो की उपस्थित मे आयोजन किया गया जिसमें घर घर जाकर मुठ्ठी भर मिट्टी एकत्रित की गई। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में आज ग्राम पंचायतो के सचिवों की उपस्थिति में जाजामऊ ऐहतमाली जाजामऊ गैर ऐहतमाली जमरूद्दीनपुर मोहिउददीनपुर अहमदाबाद माथर एंव गडाई की महिला मगंलदल युवक मंगलदल तथा आंगनबाड़ी की कार्यकत्री एवं समाजसेवी उत्साही जनो द्वारा जूलूस की टोलियां बनाकर प्रत्येक गांवो मे घर घर जाकर एक जक चुटकी अक्षत एक एक मुठ्ठी माटी एकत्रित की जिसमें गांव प्रधान व सदस्य तथा कोटेदार व स्थानीय लोगों सहित सभी ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया इस मौक पर ऐ डी ओ हेमंत विवेक .अमित पटेल .शैलेंद्र त्रिपाठी. अभय सिंह महेंद्र साहू आदि सभी मौजूद रहे।

लूट की घटना को अंजाम देने वाला चौथा लुटेरा भी पुलिस की गिरफ्त में

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। आगरा एक्सप्रेसवे पर दिनांक 27.9.2023 को रात में लकड़ी व्यापारी के मुनीम से चौदह लाख 98000 रुपए की लूट हो गई थी जिसकी मुनीम ने सूचना पुलिस को दी लुटेरों को पकड़ने के लिए कोतवाली हसनगंज व दही थाना स्वाट टीम सर्विलांस टीम को लगाया गया जिसका खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन लुटेरों को दस लाख पचास हजार रुपए दो तमंचा चार जिंदा कारतूस व घटना में प्रयोग की गई दो गाड़ियां सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन कुलदीप सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह निवासी ग्राम जामू थाना बिधनू जनपद कानपुर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया लेकिन दिनांक 29.09.2023 को मुखबिर की सूचना पर दिन मे करीब 11:00 बजे सोनिक के पास से हसनगंज कोतवाली व दही थाना की संयुक्त टीम ने 3लाख पचास हजार रुपए एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस एक अदत मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गिरफ्तार करने वाली टीम हसनगंज अपराध निरीक्षक सियाराम राजपूत उप निरीक्षक खुशहाल प्रसाद दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह कांस्टेबल शाह आलम शामिल रहे।

सीएम के संभावित दौरे को लेकर डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। राजा राव रामबक्श की प्रतिमा का अनावरण के सीएम के संभावित दौरे को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे ने गांव का दौरा कर स्थलीय निरीक्षण किया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डौंडियाखेड़ा गांव में 9 अक्तूबर को राजा राव राय बख्श सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। सम्भावित कार्यक्रम को लेकर इसकी तैयारियों को लेकर डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने गांव का दौरा कर स्थलीय निरीक्षण कर अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं कुछ अधिकारी व कुछ कर्मचारी अभी से ही वहां पर अपना डेरा लगा दिया है पीडब्ल्यूडी विभाग भी टूटी हुई सड़कों में पैकिंग का कार्य व दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है आसपास के विद्यालय व सरकारी भवनों की पुताई भी प्रारंभ हो गई है।

युवक ने मंदिर में घुस आधा दर्जन श्रद्धालुओं को लाठी-डंडों से पीटा, एक गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के एक सिरफिरे युवक ने नगर के ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में घुसकर डंडे से दर्शन करने आए श्रद्धालुओं पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से दर्शनार्थियों में भगदड़ मच गई।सिरफिरे ने डंडे से प्रहार कर करीब आधा दर्जन श्रद्धालुओं को लहूलुहान कर दिया।यह देख मंदिर प्रांगण में तैनात पीएसी जवानों ने किसी तरह हमलावर को काबू कर उसे दबोचा और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।वही पूरी घटना सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गयी दर्शनार्थियों ने आनन-फानन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में एक युवक को ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेज दिया बांगरमऊ के ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन-पूजन करने जाते हैं। भाद्रपद पूर्णिमा के चलते सैकड़ों श्रद्धालु पवित्र शिवलिंग के दर्शन-पूजन करने मंदिर प्रांगण में मौजूद थे।तभी अचानक एक सिरफिरा युवक हाथ में डंडा लेकर मंदिर प्रांगण में घुस आया और दौड़-दौड़ कर डंडे से भक्तों की पिटाई करने लगा। पिटाई से दर्शन करने आए मिलन पुत्र रामबली सिंह, कैलाश पुत्र फकीरे सिंह निवासी मोहल्ला घूरेटोला, कृष्ण कुमार पुत्र गिरजा शंकर तिवारी सेवानिवृत्त लेखपाल मोहल्ला नौनिहाल गंज संडीला रोड सहित करीब आधा दर्जन श्रद्धालु लहूलुहान हो गए। अचानक हमले से श्रद्धालुओं में भगदड़ और चीख-पुकार मच गई।तभी मंदिर प्रांगण में तैनात पीएसी बल के जवान दौड़े और किसी तरह सिरफिरे को काबू कर उससे डंडा छीन लिया। पीएसी बल ने हमलावर को हिरासत में ले लिया। मारपीट की घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस हमलावर को कोतवाली ले आई। हमलावर ने अपना नाम जावेद पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला दरगाह शरीफ बांगरमऊ बताया है। मौके पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं ने आनन-फानन तीन घायल श्रद्धालुओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर कृष्ण कुमार की गंभीर हालत देखते ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया जबकि अन्य इलाज कराने निजी अस्पताल चले गए। घायल श्रद्धालु मिलन सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली पुलिस हमलावर युवक से घटना के बाबत पूछताछ करने में जुटी है। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

भोर पहर दैनिक क्रिया को जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर भोर पहर नित्य क्रिया करने को जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया।जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस उन्नाव भेज दिया

कोतवाली क्षेत्र के सेमरा गांव निवाशी चंद्रशेखर 48 वर्ष शुक्रवार की भोर पहर लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर नित्य क्रिया जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने हसनगंज सीएचसी में भर्ती कराया।जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पांच बच्चे हैं। जिसमें बड़ी लड़की रिशु वा नैंसी विवाहित है। अंकित 18 वर्ष अलका 16 वर्ष रोली 14 वर्ष अविवाहित हैं। मृतक की पत्नी सरोज सहित सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाली हसनगंज प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेजा गया।

मुसलमानों के आखिरी नबी की यौमे पैदाइश पर मुसलमानों ने रंग बिरंगी झालरों की रोशनी से गुलजार किए इलाके

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुसलमानों के आखिरी नबी हुजूर मोहम्मद सल्लाहो वसल्लम की विलादत (पैदाइश) के मौके पर दुनिया भर के मुसलमान जहा जश्न मना रहे है। वही उन्नाव में भी बड़ी ही धूम धाम के साथ मोहम्मद सल्लाहो वसल्लम का मिलाद मनाया जा रहा हैं। आप को बता दे की जश्न-ए-चरागां नगर में बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर के तमाम मुस्लिम इलाके बिजली की रोशनी में जगमगाते नजर आए। रात भर जगह-जगह रसूल की पैदाइश का जिक्र किया गया। वहीं गुरूवार दोपहर को नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी का जुलूस निकाला जायेगा। मोहम्मद साहब के पैदाइश पर मनाए जाने वाले जश्न-ए-चरागां की तैयारियां काफी दिनों से चल रही थी। जो की बुधवार सुबह को पूरी हो गई थी। जिसके बाद नगर के तमाम मुस्लिम इलाकों जैसे दादा मियां चौराहा, छिपियाना चौराहा, जामा मस्जिद, तालिब सरायं, कासिम नगर, छोटा चौराहा, कंजी, कि ला समेत तमाम स्थानों पर सुबह से ही गलियों व सडकों के अलावा घरों में सजावट का दौर जारी रहा। लोग जरी के अलावा बिजली की झालरों व बल्बों से सजावट कर रहे थे। इसके अलावा नगर के तमाम मुस्लिम इलाकों के अलावा गेट भी बनवाया गया है। शाम होते ही मुस्लिम इलाके बिजली की रोशनी से नहा उठे। पूरी रात मुस्लिम मोहम्मद साहब का जिक्र करते रहे।

विधायक पर महिला ने लगाया जमीन पर कब्जा करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में भू माफियाओ पर कठोर कार्यवाही करने की अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है लेकिन जनपद उन्नाव में बाबा बुलडोजर फेल साबित होता नजर आ रहा है। क्योंकि पीड़ित ने सत्ता पक्ष के विधायक जनपद उन्नाव के भगवत नगर विधानसभा आशुतोष शुक्ला पर आरोप लगाते हुए बताया है की विधायक हमारी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं लक्ष्मी पत्नी कैलाश राजपूत ग्राम निवासिनी दरबारी खेड़ा थाना कोतवाली सदर जिला उन्नाव की रहने वाली हैं प्रार्थी के प्रति कैलाश जो नाना नानी की संपत्ति मिलने के कारण ग्राम दरबारी खेड़ा में बचपन से निवास कर रहे हैं क्योंकि नाना नानी की भूमि पारिवारिक जन हड़पना चाहते थे इस कारण परिवार जनों ने उक्त भूमि जो कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर प्रार्थी के प्रति कैलाश व विनोद के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है उसे हड़पने के लिए समय-समय पर दबंग पूर्व विधायक मनीष दीपक व उनके मददगार भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला व इंद्रमणि मिश्रा व उनके गुर्गो ने तहसील सदर के कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ गांठ करके फर्जी आदेश करा कर राजरानी उर्फ रजाना पत्नी गया प्रसाद त्रिपाठी नथईखेड़ा की निवासिनी जिसके नाम राजस्व अभिलेखों में गलत तरीके से दर्ज करा कर अपनाना चाहते हैं जिससे मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है उक्त भूमि पर जबरन कब्जा करने कई बार विधायक आशुतोष शुक्ला व उनके गुर्गो द्वारा प्रार्थी को जान से मार डालने का प्रयास किया गया बीते दिनों पूर्व इससे प्रार्थी के पति ने जामुन के पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली सत्ता की हनक के चलते अभी तक दबंग विधायक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्या जिला प्रशासन ऐसे भूमाफियाओं पर क्या कठोर कार्रवाई कर पाएगा या ऐसे ही भू माफिया अवैध जमीनों पर कब्जा कर अपना वर्चस्व कायम करते रहेंगे।

पितृपक्ष के पहले दिन पितरों का हुआ विधि विधान से तर्पण

अमन लेखनी समाचार/रिंकू शुक्ला

उन्नाव। पितृपक्ष के पहले दिन गंगातट के सभी घाटों पर तमाम श्रद्धालुओं ने पितरों का तर्पण किया। इस दौरान पंडो ने विधि विधान से मंत्रोच्चरण कर तर्पण कराया। जिसके बाद लोगों ने गंगा स्नान कर पंडो को दान दक्षिणा दी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उदया तिथि में गंगा तट पर पितरों को पिंडदान करने के साथ जल का तर्पण करने से उनकी आत्माओं को शांन्ति मिलती है। शुक्रवार पूर्णमासी की तिथि से पितृ तर्पण करने वालो ने विधि विधान से अपनें पूर्वजो को जल दिया। पितृपक्ष में पितरों को तर्पण करने व पिन्ड दान की प्रक्रिया अनादि कालों से चली आ रही है।वर्तमान समय मे केवल मां गंगा साक्षत हमारे सामने है जो मोक्ष प्रदान करती है। कहते है कि मरते समय अगर गंगा जल की एक बूंद व्यक्ति के मुख में डाल दी जाए तो वह सीधे स्वर्ग पहुंचता है। पितृ पक्ष को देखते हुये नगर पालिका द्वारा घाटों की साफ सफाई कराई। जहां शुक्रवार को गंगा के तमाम तटों पर महापात्रों ने विधि विधान से तर्पण कराया।

विशाल दंगल का किया गया आयोजन

अमनलेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। साहित्य संगीत स्वास्थ्य परिषद सुमेरपुर की तरफ से हर वर्ष आयोजित होने वाला दंगल शुक्रवार को हुआ। दंगल का शुभारंभ अशोक पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण उत्थान समिति व योगेश बाजपेई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा किया गया।दंगल में करीब तीन दर्जन कुश्तिया लड़ी गई जिसमें नेपाल के थापा व शमशेर हरियाणा के बीच हुई कुश्ती रोमांचकारी रही। दंगल में नेपाल,जम्मू कश्मीर ,सोनीपत, छत्तीसगढ़ ,मध्य प्रदेश और उन्नाव के आसपास जिलों के पहलवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह मंडपहा,प्रधान कीरतपुर सानू अवस्थी, प्रधान छाछी राईखेड़ा अभिषेक वर्मा, कोषाध्यक्ष रजनीकांत अवस्थी, सचिन नरेश मिश्रा, गुड्डू तिवारी, नीलू बाजपेई ,तेजनारायण शुक्ला ,प्रदीप पांडे,त्रयंवक अवस्थी, प्रमोद द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

पोस्टमार्टम हाउस में कर्मी के साथ गाली गलौज, पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्रवार को दोपहर के समय पोस्टमार्टम हाउस में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब अचानक पोस्टमार्टम कक्ष में दो युवक पहुंच गए जिन्हें देख कर्मियों ने उन्हें बाहर जाने को कहा तो वे अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगे। बाद में डॉक्टर व फार्मासिस्ट ने उन्हें पीएम हाउस से बाहर निकाला। पीड़ित सफाई कर्मी ने दो युवकों को नामित करते अज्ञात युवकों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में तैनात सफाई कर्मी आकाश बाल्मीकि ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह पोस्टमार्टम कक्ष में था। जहां एक शव खुला पड़ा था। अचानक वहां दो तीन युवक आ धमके उन्हें बाहर जाने को कहा तो वे उग्र हो गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया। शोर सुनकर रिपोर्ट तैयार कर रहे डॉक्टर व फार्मासिस्ट के अलावा अन्य स्टाफ पहुंचा और हंगामा कर रहे युवकों को पोस्टमार्टम हाउस से बाहर खदेड़ दिया। इसके बाद भी आरोपी बाहर खड़े होकर काफी देर तक हंगामा करते रहें। कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अपनी गर्दन पर चाकू से वार कर युवक ने किया जान देने का प्रयास

सफीपुर, उन्नाव। पत्नी के मायके चले जाने से आहत युवक ने चाकू से अपनी गर्दन काटकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया परिजनो ने उसे सी एच सी में भर्ती कराया गंभीर हालत देखते डॉ ने युवक को जिला अस्पताल भेज दिया वही पड़ोसियों ने बताया कि युवक शराब की भी लती हैकस्बा के सोरवहा तालाब निवासी आजाद खान 35 वर्ष पुत्र सलामत ने चाकू से अपनी गर्दन को काटने लगा ये देख परिजनो के होश उड़ गए परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया बताते है युवक शराब का लती है जिससे इसकी पत्नी कुछ दिन पूर्व अपने मायके चली गई है जिससे आहत होकर उसने जान देने का प्रयास किया है।

चिंतन

हाइड्रोजन बस हरित ऊर्जा निर्भरता की ओर कदम

भारत वैकल्पिक प्रदूषणमुक्त ईंधन/ऊर्जा के क्षेत्र में धीरे धीरे अपना कदम बढ़ा रहा है। सोलर एनर्जी, बायो डीजल, पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी नित नए प्रयोग हो रहे हैं। जीवाश्म ईंधन के कार्बनिक खतरे और उपलब्धता की निश्चित सीमा के चलते दुनिया के सभी प्रमुख देश वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों व खोजों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत ने हरित हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली बस का अनावरण किया है। भारत की सरकारी व निजी कंपनियां सरकार की मदद से जिस प्रकार हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में हाथ आजमा रही हैं, ऐसे में भारत में इस पर बादशाहत की गहरी संभावना है। बेशक पश्चिमी देशों का भारत में जारी ग्रीन हाईड्रोजन पर काम के प्रति रवैया उदार नहीं है, इसके बावजूद भारत इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जा रहा है, इसलिए अनेक देश इसमें भारी निवेश कर रहे हैं। देश की दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने इस हरित हाइड्रोजन बस को पेश किया है, इसकी खास बात यह है कि यह बस सिर्फ पानी का उत्सर्जन करती है। आईओसी नवीकरणीय स्रोतों से बिजली का इस्तेमाल कर पानी के कणों को अलग कर 75 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन करेगी। यह हाइड्रोजन प्रायोगिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में चलने वाली दो बसों में इस्तेमाल किया जाएगा। ये 2 बसें 3 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगी। हरित हाइड्रोजन भारत में जीवाश्म ईंधन की खपत रोकने में एक बदलावकारी ईंधन की भूमिका निभाएगा। हरित हाइड्रोजन के 30 किलोग्राम क्षमता वाले चार सिलेंडर से लैस बस 350 किलोमीटर दूरी तक दौड़ सकती है। इन सिलेंडर को भरने में 10-12 मिनट का समय लगता है। ईंधन के तौर पर हाइड्रोजन के इस्तेमाल से सिर्फ पानी का भाप ही उत्सर्जित होता है। हानिकारक उत्सर्जक तत्वों के नदारद होने और ऊर्जा सघनता तिगुनी होने से हाइड्रोजन एक स्वच्छ एवं अधिक कारगर विकल्प के तौर पर उभर रहा है। वर्ष 2023 के अंत तक इंडियन ऑयल हाइड्रोजन से चलने वाली बसों की संख्या को बढ़ाकर 15 तक ले जाएगी। इन बसों को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चिह्नित मार्गों पर संचालित किया जाएगा। भारत ने हाइड्रोजन एवं जैव-ईंधन जैसे नए ईंधनों के जरिये निम्न कार्बन विकल्पों की दिशा में कई कदम उठाए हैं। अगले दो दशक में वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाली नई ऊर्जा मांग में इन विकल्पों की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक होगी। वर्ष 2050 तक हाइड्रोजन की वैश्विक मांग सात गुना तक बढ़कर 800 टन तक पहुंच सकती है। निजी और सार्वजनिक परिवहन में हरित हाईड्रोजन क्रांतिकारी भूमिका निभा सकता है। हरित हाईड्रोजन पेट्रोलियम रिफाइनिंग, फर्टिलाइजर प्रोडक्शन और स्टील मैन्युफैक्चरिंग में से जीवाश्म ईंधन को रिप्लेस कर सकता है। हरित हाइड्रोजन ऊर्जा बनाने के लिए पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को अलग किया जाता है। आईओसी ने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा रास्तों में 15 बसों की टेस्टिंग के लिए साइंटिफिकली डिजाइन कार्यक्रम की शुरुआत की है। भारतीय मानक ब्यूरो ने जैव ईंधन पर नौ मानक विकसित किये हैं। वह पैराफिनिक (हरित) डीजल के लिये मानक विकसित करने की प्रक्रिया में है। अमेरिका, ब्राजील और भारत जैव ईंधन के प्रमुख उत्पादक और उपभोक्ता हैं। आी जी-20 बैठक के दौरान तीनों देशों ने जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया है। ये सभी प्रयास देश में अल्टरनेटिव ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को मजबूत करेंगे।

चिकित्सा विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बढ़ता दखल

आलेख

– डॉ. संजय शुक्ला

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' यानि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े दो खबरों ने बरबस यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि क्या भविष्य में 'एआई' ही डॉक्टर का विकल्प बनेगा? यह सवाल इसलिए भी बेमानी नहीं है क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण दुनिया भर में करोड़ों लोगों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। बात खबरों की करें तो पहली खबर अमेरिका की है जहां एक चार साल के बच्चे की बीमारी को वहां के 17 डॉक्टर नहीं ढूंढ पाए लेकिन एआई टूल चैटजीपीटी ने रीढ़ की हड्डी से जुड़े न्यूरोलॉजिकल सिंड्रोम 'ट्रेथर्ड कॉर्ड' नामक बीमारी को ढूंढ लिया।

दूसरी खबर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट 'पीजीआई' चंडीगढ़ की है जहां के डॉक्टरों ने एक शोध किया है जिसमें 'एआई' तकनीक ने मरीजों में होने वाले अत्यधिक घातक पित्ताशय के कैंसर को उसी तरह से पहचान लिया जैसे एक अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट तमाम रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट के बाद निष्कर्ष निकालता है। मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' में प्रकाशित इस रिसर्च के अनुसार मरीजों के रिपोर्ट पर एक तरफ एआई से समीक्षा की जा रही थी वहीं दूसरी ओर दो अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट से भी इन रिपोर्टों का विश्लेषण करवाया जा रहा था जिसमें दोनों के निष्कर्ष समान निकले। मेडिकल क्षेत्र में केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई का ही दखल नहीं बढ़ रहा है बल्कि अब इस क्षेत्र में में रोबोटिक सर्जरी का भी चलन तेजी से बढ़ रहा है। अलबत्ता चिकित्सा विज्ञान में एआई और रोबोट के बढ़ते चलन का भारतीय परिवेश में विचार भी आवश्यक है। दुनिया में जिस तरह से नये-नये रोग और महामारियों का पता चल रहा है वैसे-वैसे मेडिकल साइंस में अनुसंधान और तकनीक का विकास भी बढ़ते जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने अपने शुरूआत से लेकर आज तक हर क्षेत्र में काफी अनुसंधानात्मक विकास किया है जिसके चलते संचारी और गैर संचारी रोगों पर काबू पाया जा सका है। चिकित्सा में निदान यानि रोग का पहचान पहली कड़ी है जिस पर मरीज का उपचार और स्वास्थ्य निर्भर करता है। चिकित्सा विज्ञान में वैक्सीन और दवाइयों के साथ ही नैदानिक उपकरणों के क्षेत्र में काफी विकास किया है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज डायग्नोस्टिक इक्यूपमेंट और पैथोलॉजी जांच पर ही मरीज का उपचार निर्भर हो चुका है। आज के डॉक्टर अपनी मेडिकल पढ़ाई के दौरान किताबों में पढ़े रोग के लक्षणों को रोगी में ढूंढने के बजाय पूरी तरह से नैदानिक उपकरणों पर ही भरोसा करने लगे हैं जबकि पुराने चिकित्सक मरीज का मर्ज पहचाने के लिए किताबों और प्रशिक्षण में पढ़े, देखे और सीखे लक्षणों को बारीकी से ढूंढ कर रोग का आंकलन करते थे। डॉक्टरों के बीच आज डायग्नोस्टिक टूल्स पर निर्भरता इतनी बढ़ चुकी है कि शायद ही कोई डॉक्टर अपने मरीज का नब्ज पकड़ते हैं। एक वह भी दौर था जब डॉक्टर अपने मरीज का लक्षण, खानपान और वंशानुगत रोगों की जानकारी लेकर जरूरी उपचार,

> दूसरी खबर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट 'पीजीआई' चंडीगढ़ की है जहां के डॉक्टरों ने एक शोध किया है जिसमें 'एआई' तकनीक ने मरीजों में होने वाले अत्यधिक घातक पित्ताशय के कैंसर को उसी तरह से पहचान लिया जैसे एक अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट तमाम रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट के बाद निष्कर्ष निकालता है। मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' में प्रकाशित इस रिसर्च के अनुसार मरीजों के रिपोर्ट पर एक तरफ एआई से समीक्षा की जा रही थी वहीं दूसरी ओर दो अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट से भी इन रिपोर्टों का विश्लेषण करवाया जा रहा था जिसमें दोनों के निष्कर्ष समान निकले।

दवाई और परहेज बता देते थे लेकिन आज उपरोक्त सभी व्यवस्थाएं मशीन और अलग-अलग विशेषज्ञताओं में बंट चुकी है फलस्वरूप इलाज के खर्च में भी काफी इजाफा हुआ है। बहरहाल इन परिस्थितियों के लिए अकेले डॉक्टर ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि बढ़ती जनसंख्या, संचारी और गैर संचारी रोगियों की बढ़ती संख्या, संक्रमण के स्वरूप और तीव्रता में बदलाव, चिकित्सा संसाधनों की कमी के साथ मरीजों का अपने डॉक्टर पर अविश्वास भी प्रमुख कारण है। आमतौर यह देखा जाता है कई मरीज डॉक्टर के पास पहुंचने से पहले ही खुद-बखुद पैथोलॉजी से लेकर रेडियोलॉजिकल जांच करा कर लक्षणों के आधार पर दवाईयों का सेवन कर लेते हैं। हालांकि यह घातक है और मरीजों को इससे बचना चाहिए।

अलबत्ता दुनिया भर में मेडिकल साइंस हमेशा से नवाचार ,शोध और विकास का क्षेत्र रहा है जिसमें बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीन, जीवाणु और विषाणु रोधी दवाओं की खोज, मानव शरीर में हार्मोन्स, ऊतक और जीन के बदलाव पर अनुसंधान से लेकर रोगों के निश्चय के डायग्नोस्टिक उपकरणों के विकास में चिकित्सा वैज्ञानिकों ने अभूतपूर्व सफलता पाई है। हाल के वर्षों में शल्य क्रिया के क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी के तौर पर अभूतपूर्व क्रांति आई है जिसमें सर्जन के नियंत्रण में रोबोट जटिल सर्जरी भी कर रहा है। गौरतलब है कि सर्जरी के क्षेत्र में ओपन सर्जरी का विकल्प लेप्रोस्कोपिक सर्जरी था लेकिन अब रोबोटिक सर्जरी ने शल्य विशेषज्ञों के काम को आसान बना दिया है जो कंप्यूटर के जरिए संचालित व नियंत्रित होता है। दुनिया भर के सर्जन रोबोटिक सर्जरी के तमाम खूबियां बता रहे हैं इस तकनीक से कैंसर सहित अन्य जटिल सर्जरी में मैन्युअल सर्जरी की तुलना में काफी सटीक परिणाम मिल रहे हैं। बहरहाल नवाचार और अनुसंधान मानव जीवन का अहम हिस्सा है जिससे कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। अलबत्ता भारतीय परिवेश में चिकित्सा क्षेत्र में एआई और रोबोटिक सर्जरी के परिणामों पर गौर करें तो हम अभी भी दोराहे पर खड़े हैं। भारत में चिकित्सा क्षेत्र हमेशा से सम्मान का क्षेत्र रहा है क्योंकि यहां के चिकित्सकों ने मानवता और संवेदना को पहले पायदान पर रखा है लिहाजा भारतीय चिकित्सक और मरीज इस तकनीक के साथ कितना सामंजस्य बैठा पाएंगे? यह भविष्य तय करेगा। गौरतलब है कि दुनिया के कई देशों में भारतीय डॉक्टर अपने काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं दरअसल इसके पीछे उनका प्रत्यक्ष ज्ञान और कर्माभ्यास के बलबूते आत्मनिर्भरता रहा है।किसी भी चिकित्सक के ज्ञान और कौशल के विकास के लिए यह जरूरी है कि वह मरीज के मर्ज को समझने और सुलझाने में खुद के बुद्धि और अनुभव का उपयोग करे जो एआई और रोबोट के जरिए संभव नहीं है।

विचारणीय है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट का अविष्कार भले ही मनुष्य ने ही किया है लेकिन तकनीक के जरिए मरीजों को वह मानवीय संवेदना और आत्मबल नहीं मिल पाएगा जो एक चिकित्सक से मिलता है। तकनीक पर बढ़ती निर्भरता चिकित्सा क्षेत्र के अनुसंधान और डॉक्टरों की दक्षता और कार्यकुशलता को भी प्रभावित कर सकता है जिसके लिए सचेत रहने की आवश्यकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एआई मनुष्य को न तो इंसान को प्राकृतिक बुद्धि की तरह समझ सकती है और न ही ग्रहण कर सकती है लिहाजा इस दोधारी तलवार के उपयोग पर सावधानी बरतने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट डॉक्टरों को संपन्नता और सुविधा तो दे सकते हैं लेकिन आत्मविश्वास तो उन्हें खुद के बुद्धि, कौशल और अनुभव से ही मिल सकता है जो मशीनों के बलबूते पूरी तरह से संभव नहीं है।

सारा संसार



जयपुर में एक छोटी पहाड़ी पर स्थित मोती डूंगरी मंदिर राजस्थान के लोकप्रिय मंदिरों में से एक है जो मोती डूंगरी पैलेस से घिरा है। भगवान गणेश को समर्पित मोती डूंगरी गणेश मंदिर का निर्माण 1761 में सेठ जय राम पल्लीवाल की निगरानी में किया गया था। मोती डूंगरी मंदिर का निर्माण राजस्थान के उत्तम पत्थर के साथ 4 महीने की समयावधि में पूरा हुआ था जो अपनी वास्तुकला और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से व्यापक रूप से प्रशंसित है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर तीन गुंबदों से सुशोभित है जो भारत में तीन प्रमुख धर्मों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा

पर्यावरण स्वास्थ्य जरूरी

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस एक प्रकार का विज्ञान है, जो व्यक्ति को बीमारी, चोट लगने या किसी प्रकार की कुदरती या स्वास्थ्य की परेशानियों से दूर रख सकता है। इन्हीं चीजों का ध्यान रखने के लिए विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2023 की थीम 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य . हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' रखी गई है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हेल्थ द्वारा विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 26 सितंबर 2011 से शुरू किया गया था। यह दिन इसलिए मनाना शुरू किया गया था, ताकि लोगों में एनवायरनमेंटल हेल्थ और इससे जुड़ी समस्याओं को लेकर जागरूक किया जा सके। पर्यावरण स्वास्थ्य का तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र की भौतिक, रासायनिक, जैविक और सांस्कृतिक स्थिति से है। खराब वायु गुणवत्ता, पारिस्थितिक विविधता का नुकसान, रासायनिक असंतुलन आदि जैसे पहलू किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण हर दिन के हर पल में हमारे स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने में हमारी मदद कर रहा है, इसलिए हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना होगा। पर्यावरण को लेकर आज समूचा विश्व चिन्तित है। आखिर यह पर्यावरण है क्या और इससे चिन्तित होने के कारण क्या हैं? पर्यावरण वायु, जल, मृदा, मानव और वृक्षों को लेकर बना है। इनमें से किसी भी एक तत्व का क्षरण होता है तो उसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ता है। प्रदूषण भी पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी बना हुआ है। पेड़, पौधे, जलवायु मानव जीवन को प्रभावित करते हैं। किसी भी एक तल के असंतुलित होने पर पर्यावरण प्रक्रिया असहज हो जाती है जिसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ता है। विश्व ने जैसे-जैसे विकास और प्रगति हासिल की है वैसे-वैसे पर्यावरण असंतुलित होता गया है। कल-कारखाने, उनसे निकलते धुंए, वाहनों से निकलने वाले धुएं, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, नदी और तालाबों का प्रदूषित होना आदि घटनाएं पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है। हमने प्रगति की दौड़ में मिसाल कायम की है मगर पर्यावरण का कभी ध्यान नहीं रखा जिसके फलस्वरूप पेड़ पौधों से लेकर नदी तालाब और वायुमण्डल प्रदूषित हुआ है। यह सही है कि मानव जीवन के समक्ष आज चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने भी पर्यावरण को बहुत अधिक क्षति पहुंचाई है।

सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित

दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

गणेश विनायक जी की कथा

संकलित

प्रेरणा

एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

कनाडा को भारत की बात माननी होगी

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद उत्पन्न होता दिख रहा है। इसका असर दोनों देशों के व्यापार और अन्य क्षेत्रों पर पड़ सकता है। भारत के बाद सबसे अधिक सिख आबादी कनाडा में रहती है। कनाडाई सिख समुदाय कनाडा की धरती का उपयोग कर अलग सिख देश खालिस्तान की मांग को लेकर समय-समय पर आंदोलन और प्रदर्शन करता है, जिसको लेकर भारत की संसद गंभीर है और वहां के प्रधानमंत्री से इन गतिविधियों पर लगाम लगाने की मांग करती रही है। इस मसले पर कनाडा अपनी नकारात्मक भूमिका के चलते अलग-थलग पड़ गया है। कनाडा को भारत की मांग माननी ही होगी। - रेयांश

ट्रेंड

महिला टीम को बधाई

एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। एक गौरवपूर्ण क्षण! हमारी टीम ने बेहतरीन क्रिकेट खेला। उन्होंने उत्कृष्ट कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

समर्पण ही श्रेष्ठ

भगवद्प्राप्ति के अनेक साधनों में ईष्ट के प्रति सर्वतोभावेन समर्पण ही श्रेष्ठ है। वस्तुत: समर्पण का आशय अहमन्यता के विसर्जन से है, समर्पण समस्त भक्ति ग्रंथों का सार है, अतः श्रद्धा और विश्वास पूर्वक भगवदीय विधान के प्रति समर्पित रहें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

केवल नौकरियां छीनीं

मोदी सरकार ने आजादी के बाद अब तक, देश के युवाओं में बेरोजगारी सबसे ज्यादा बढ़ाई है। तमाम आँकड़े ये दर्शाते है कि सालाना दो करोड़ नौकरियां देना तो दूर, साल दर साल मोदी सरकार ने युवाओं से केवल नौकरियां छीनी हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

हैवानों को कब सजा मिलेगी

हृदय विदारक घटना। पति के सामने पत्नी का गैंगरेप हुआ। दोनों ने ज़हर खाकर जान देने का निर्णय लिया। बच्चों से माँ ने कहा "बेटा मेरे मरने के पहले का बयान वीडियो बना लो मरने के बाद थाने को दे देना" ऐसे हैवानों को कब सजा मिलेगी?

-संजय सिंह, आप सांसद

करंट अफेयर

मरीजों के अधिकारों को लेकर ब्रिटेन में शुरू हुआ अभियान

लंदन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने चिकित्सकों की कथित लापरवाहियों के कारण बेटे की मौत के बाद मरीजों के अधिकारों की वकालत के लिए एक परमार्थ फाउंडेशन की शुरुआत की। भारतीय मूल के व्यक्ति जय पटेल के 30-वर्षीय बेटे बलराम की लंदन के एक अस्पताल में 'खराब' उपचार तथा उचित देखभाल के आभाव में मौत हो गई थी। इसके बाद जय पटेल ने इस माह 'पेशेंट्स लाइव्स मैटर' का पंजीकरण कराया। पटेल ने नये फाउंडेशन के लिए जारी बयान में कहा, 'बलराम की जब मौत हुई, वह काफी पीड़ा में था और बहुत परेशान था।

ऑफ बीट

नीली रौशनी को आंख तक पहुंचने से रोकता है चश्मा

कहा जाता है कि कंप्यूटर का उपयोग करते समय नीली रौशनी को आंख तक पहुंचने से रोकने वाला चश्मा पहनने से आंखों का तनाव कम होता है, आपकी नींद में सुधार होता है और आपकी आंखों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। आप उन्हें स्वयं खरीद सकते हैं या आपका ऑप्टोमेट्रिस्ट उन्हें आपके लिए लिख सकता है। लेकिन क्या वे काम करते हैं? या क्या वे आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं? ब्लू-लाइट चश्मे, नीली रोशनी को फिल्टर करने वाले लेंस या नीले-अवरुद्ध लेंस अलग-अलग शब्द हैं जिनका उपयोग लेंस का वर्णन करने के लिए किया जाता है

अंबेडकरनगर में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

आरोपी के पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती, पॉक्सो एक्ट में था वांछित

अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में महरुआ थाना इलाके में मंगलवार की देर रात पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में पाक्सो एक्ट का वांछित अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। अपराधी के पैर में गोली लगी है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बताया कि 23 सितंबर को एक छात्रा को बहला फुसलाकर भागने के मामले में अपराधी कुलदीप पर छात्रा के परिजनों ने केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी एवं रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में महरुआ थाना की पुलिस ने मुठभेड़ में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुठभेड़ के तहत एससी/ एसटी व पाक्सो कार्य में वांछित 22 वर्षीय अभियुक्त कुलदीप गुप्ता पुत्र रामसुन्दर गुप्ता निवासी ग्राम सरखने किशुनीपुर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि महरुआ थाने को मुखबिर से सूचना मिली कि पाक्सो एक्ट में वांछित अपराधी कुलदीप हीड़ी पकड़िया गांव में खेल मैदान के पास मौजूद है। वह कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पाकर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और अपराधी को सरेंडर करने को बोला, लेकिन उसने खुद को घिरता देख तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और अपराधी के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से मौके पर गिर गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपराधी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राठ में अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

परिजन बोले- दो महीने पहले भाई की हुई थी मौत, तभी से तनाव में था

राठ, हमीरपुर में राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत अलरा गौरा गांव में अधेड़ ने पशु बाड़े में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक अधेड़ के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत अलरा गौरा गांव में 55 वर्षीय अधेड़ सरमन पुत्र गंगादीन ने अपने पशुबाड़े में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर मृत अवस्था में लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते दो माह पूर्व मृतक सरमन के बड़े भाई बित्ता की मौत हो गई थी। जिसके बाद से सरमन तनाव में रहने लगा था। उसी तनाव के चलते सरमन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतक के पास दो बीघा कृषि भूमि थी जिसमें खेती किसानी के अलावा पशुपालन कर वह अपने परिवार की गुजर बसर करता था। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

30 सितम्बर को संकल्प सप्ताह का शुभारम्भ करेंगे प्रधानमंत्री

आकांक्षात्मक ब्लाक हुजूरपुर में 03 से 09 अक्टूबर तक मनेगा संकल्प सप्ताह

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक जनपदों में आकांक्षात्मक ब्लाक प्रोग्राम अन्तर्गत चिन्हित किये गये विकास खण्डों में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटर्स में उन्नयन हेतु किये जा रहे प्रयासों को एक सुनिश्चित दिशा देने के उद्देश्य से 03 से 09 अक्टूबर 2023 तक संकल्प सप्ताह मनाया जायेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितम्बर को मध्यान्ह 12:00 बजे भारत मण्डप, नई दिल्ली में संकल्प सप्ताह का शुभारम्भ करेंगे। बहराइच में आकांक्षात्मक ब्लाक प्रोग्राम अन्तर्गत चिन्हित किये गये विकास खण्ड हुजूरपुर में ह्यह्यसंकल्प सप्ताहह्लह्ल के सफल आयोजन तथा प्रधानमंत्री के शुभारम्भ कार्यक्रम का जनपद स्तर, आकांक्षात्मक ब्लाक हुजूरपुर मुख्यालय तथा ब्लाक अन्तर्गत चयनित 10 स्थानों पर सजीव प्रसारण के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में शुभारम्भ कार्यक्रम से जुड़ने हेतु टू-वे लिंक की व्यवस्था रहेगी। यहां पर जिला पंचायत के प्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय अधिकारी, विकास खण्ड स्तर पर ब्लाक मुख्यालय हुजुरपुर में कार्यक्रम से जुड़ने हेतु वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जायेगी। यहां पर ब्लाक व पंचायत के प्रतिनिधिगण एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर भी वेबकास्टिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण होगा जिसमें ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिगण एवं पंचायत स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।

मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो घायल, अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर के अंतर्गत रामपुर धोबिया सड़क मार्ग पर मटिहार रोड पर स्थित शराब भट्टी के निकट दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें मोतीपुर पुलिस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा में भर्ती कराया गया है जहां पर इलाज चल रहा है। शीतल प्रसाद पुत्र देवी राम उम्र 18 वर्ष निवासी काकरी थाना कोतवाली नानपारा सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से थे तथा श्रवण पुत्र जनार्दन वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी रायगंज थाना खैरीघाट डिलक्स मोटरसाइकिल से थे। दोनों की आमने-सामने मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हुई। जिसमें श्रवण का पैर पूरी तरह से फैक्चर हो गयो। वहीं शीतल प्रसाद के हाथ में चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों परिवार के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं।

विधायक बलहा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात ,क्षेत्र के विकास के लिए की चर्चा

मुख्यमंत्री ने विकास के लिए दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। विधानसभा बलहा की विधायक सरोज सोनकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बलहा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक सरोज सोनकर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अस्थाई तहसील को नवनिर्मित तहसील में स्थानांतरित करने तथा बाढ़ काटान वाले गांव गौरा पिपरा चहलवा मंझरा सहित कई अन्य गांवों में ठोकर बनाने की मांग की। साथ ही कारीकोट को नया ब्लॉक बनाने बाढ़ में जो सड़के कट गए हैं उनकी मरम्मत के लिए अलग से फंड देने और मिहींपुरवा को आदर्श नगर पंचायत बनाने के संबंध में चर्चा की। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमारी बातों को ध्यान से सुना और जल्द ही इन सभी विषयों पर नियमा अनुसार कार्यवाही करते हुए कार्य करने की बात कही है। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि विधायक सरोज सोनकर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बलहा विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए मांग की है जल्द ही इसका परिणाम आप सबके सामने होगा।

ना हो आराम जिस बीमार को सारे जमाने से......

बारह रबीउल अव्वल की पूर्व संध्या पर जलसे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा में जुलूस-ए-मोहम्मदी अकीदत व एहतेराम के साथ निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। गुरुवार को जुलूस ए मोहम्मदी जामा मस्जिद से होते हुए चकिया रोड चौराहा, रूपईडीहा गांव, मुस्लिम बाग, बरथनवा नई बस्ती मुख्य बाजार से होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में नात ख्वानि के काफिले शामिल हुए। बारह रबीउल अव्वल की पूर्व संध्या पर बड़ी मस्जिद के सामने एक जलसे का भी आयोजन किया गया। जिसमें मनकापुर से तसरीफ लाए मौलाना मोहम्मद वसीम हसमती ने मोहम्मद साहब की सीरत बयान की। अन्य उलमा-ए-किराम ने पैगंबरे इस्लाम की रिसालत, अजमत, बड़ाई व फजीलत बयान कर लोगों से सच्चाई, ईमानदारी तथा शरीअत के मुताबिक ज़िन्दगी गुजारने की अपील की। इसके पूर्व शोराय इकराम कमल अख्तर बस्तावी, बस्ती, कारी नौसद आलम बस्ती, जमील फैजाबादी, कारी निसार बहराइच ने नातिया कलाम पेश किए। सिराज अहमद व सब्बीर अहमद के सौजन्य से चकिया रोड चौराहे पर स्टाल लगाकर बिरयानी कॉफी खीर का बड़ा इंतजार किया गया। जो ईद मिलादुन्नबी का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। निजामत हाफिज मोहम्मद अतीक ने की। रुपईडीहा ईद मिलादुन्नबी कमेटी के मेजबान खेसाल फारूकी, शमशाद खान, पूर्व प्रधान मो० जुबेर फारुकी, डॉ सज्जन अशरफी, नौशाद हुसैन, महबूब अहमद, इम्तियाज अली, मोहम्मद आलम मेकरानी, गुड्डू मेकरानी समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धा नमन किया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के तत्वावधान में शहर स्थित जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके तहत शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में श्रद्धा नमन- शहीद सैनिक श्राद्ध कार्यक्रम कराया गया कार्यक्रम संयोजक अंकित शुक्ला ने कहा कि, स्वातंत्र्य समर, राष्ट्र विभाजन, राष्ट्र रक्षा शहीद सैनिकों असंख्य बलिदानियों और अनगिनत क्रान्तिकारियों जिन्होंने देशहित में परिणय को स्वीकार नहीं किया उन्हें पितृपक्ष में क्योंकि उनका बलिदान हम सबके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला थी उनकी वंशावली पर लौकिक विराम लगा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि, स्वतंत्र एवं समृद्ध राष्ट्र जिसका ध्येय था उन शहीद सैनिकों पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धंजलि अर्पित करने का हम सभी ने संकल्प लिया है उन्होंने कहा कि, सुमंगलम द्वारा भारतीय आदर्श परंपरा, मूल्यों एवं संस्कृति के संरक्षण, संबर्धन के निमित्त सकल लोक मंगल अनुष्ठान में शहीद सैनिकों को पितृपक्ष एकादशी तदनुसार 29 सितंबर दिन शुक्रवार को शहीद पितरों को तर्पण बंदन कर ₹शहीद पितृपक्ष श्रद्धा नमन- शहीद श्राद्ध₹ किया गया अंकित शुक्ला ने बताया कि कई सैकड़ो सैनिक एवं अधिवक्ता पत्रकार समाजसेवी का पता लगा रहा अवधेश कुमार दीक्षित ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे युवा कि इनकी प्रशंसा करने के लिए शब्द नहीं है पूर्व सैनिक सुवेद शुक्ला ने अंकित शुक्ला की भूर-भर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने पर इनकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है प्रयागराज से शैलेंद्र पांडेय ने एक ऐसे युवा जिसे हम सब सीख ले रहे हैं पूर्व सैनिक राजेश कुमार यादव ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा की एवं यह समाजसेवी भी है एवं समाज को ऐसा संदेश दे रहे हैं जो अभी तक कोई नेता नहीं दे पाया अमित मिश्रा ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा की एवं कहा कि इनके कहने पर जब सैकड़ो लोग आ सकते हैं तो यह आने वाले समय में समाज को एक नया मार्गदर्शन देंगे प्रथम श्रीवास्तव ने अंकित शुक्ला की भूरी-भूरी प्रशंसा की जनपद हुआ क्षेत्र में खुशी की लहर एवं अंकित शुक्ला की प्रशंसा चर्चा में हुई तेजी इस अवसर पर मेजर कैप्टन ब्रिगेडियर के रैंक तक आए गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फ्रेंड्स क्लब ने विहान बालिका विद्यालय को भेंट की एलईडी टीवी

श्रमिकों की बेटियाँ स्क्रीन पर देखेंगी वाइल्ड लाइफ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से शहर के हुजूरपुर रोड स्थित विहान आवासीय बालिका विद्यालय में उपहार स्वरूप एक 32 इंच का एल ई डी टी वी विद सेट टॉप बॉक्स प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में जाब कार्ड धारक श्रमिकों की 100 बलिकाएं कक्षा 05 से 08 तक की शिक्षा निशुल्क प्राप्त करती हैं। कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से इसके पूर्व स्कूल की बालिकाओं को खेलने के लिए कैरम बोर्ड, बैडमिंटन के सेट कूदने वाली रस्सी उपहार स्वरूप दिए गए थे। स्कूल में पढ़ने वाली बालिकायें देश दुनिया की खबरें, मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण तथा वन एवं वन्य जीवों के कार्यक्रम देखकर उनके प्रति भी जागरूक हों और हमारी आने वाली पीढी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण को आगे आए इसलिए आज क्लब की ओर से स्कूल को ये सौगात दी गयी है। इस अवसर पर स्कूल वार्डन प्रिया प्रसाद, शिक्षक, शिक्षकाओ एवं स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं ने क्लब अध्यक्ष भगवान दास लखमानी का जोरदार अभिनंदन किया और क्लब का आभार जताया।

अंबेडकरनगर में टॉप-10 अपराधी पुलिस की गोली से घायल

- गोतस्कर के पैर में लगी गोली, एक पुलिसकर्मी भी जख्मी, चेकिंग के दौरान मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में बसखारी थाना इलाके में मंगलवार देर रात पुलिस और गोतस्कर के बीच हुए मुठभेड़ में एक अपराधी पुलिस की गोली से घायल हुआ है। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि टाप टेन अपराधियों की सूची में शामिल पशु तस्कर माफिया वलीउल्लाह उर्फ अजमेरी पुत्र कलामतुल्लाह गोली लगने से घायल हुआ, जिसे पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी ने बताया कि अपराध के रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बसखारी थाना इलाके में पुलिस चेंकिग कर रही थी। इसी दौरान बुधवार सुबह करीब 3 बजे मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बीबीपुर प्राथमिक विद्यालय के आगे नहर से होकर दो से तीन व्यक्ति करीब 5 गोवंश पशुओं को लेकर उसे काटने के लिए गोलपुर की तरफ लेकर जा रहे हैं। सूचना पर नहर के पास पंहुचकर जब पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया तो गो तस्करों ने फायर झोंक दिया। इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और तस्कर के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया।

इस दौरान जनपद के टाप टेन अपराधियों की सूची में नामित पशु तस्कर माफिया वलीउल्लाह उर्फ अजमेरी पुत्र कलामतुल्लाह निवासी निषाद नगर किछौछा गोली लगने से घायल हो गया। इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर बरामद हुआ है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए खेतों में पराली न जलाएं कृषकः डीएम

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीएम ने दिलाया संकल्प

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से वंचित/अवशेष कृषकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग, ई-केवाईसी तथा लैण्ड सीडिंग कार्यों को 10 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण तथा खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने तथा फसल अवशेषों एवं पराली प्रबन्धन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनसेवा केन्द्र समन्वयक, नोडल अधिकारियों, कृषि एवं एलायड विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी दशा में पराली जलने की घटना प्रकाश में न आये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित विशेषकर क्षेत्रीय लेखपालों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीएम ने इस बात संकल्प दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन करेंगे। डीएम ने एसडीएम को यह भी निर्देष दिया कि जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया ताकि पराली जलाने की घटना को न्यून से न्यून किया जा सके। इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर जिला कृषि सतीश कुमार पाण्डेय, तहसीलदार महसी राकेश कुमार मौर्य, एसडीओ कृषि कैसरगंज शिशिर वर्मा, सदर के उदय शंकर सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए सुधाकर शुक्ल व कुलदीप वर्मा सहित अन्य अधिकारी, एटीएम व बीटीएम तथा अन्य प्राविधिक सहायकगण मौजूद रहे।

सरहन बुजुर्ग के रामलला की हालत शर्मसार

73 बीघा खेती के मालिक भगवान श्री राम का जीवन अंधेरे में सर्वराकारों की बल्ले बल्ले

अक्रोशित ग्रामीणों ने कहा मंदिर और तालाब का ध्यान नहीं तो वोट भी नही

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत अमौली कस्बे के निकट सरहन बुजुर्ग के ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर अपनी जीर्ण और शीर्ण दशा को व्यक्त कर है वही जब अमन लेखनी समाचार की टीम जब अमौली कस्बे के सरहन बुजुर्ग गांव जाकर वहां पर विराजमान श्री राम लला श्री लक्ष्मण और माता सीता के दर्शनार्थ पहुंचे तो वहां की दिशा और दशा देखकर टीम चौकन्ना हो उठी ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर में पहले तो सर्वप्रथम मुख्य गेट के दरवाजे बंद पाए गए फिर उसको खुलवाया गया तो श्री राम लक्ष्मण मां सीता की मूर्तियां जहां विराजित होती हैं उसके भी पट बंद पाए गए जब टीम ने वहां के ग्रामीणों से चर्चा की वहां की ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से मंदिर की यही स्थिति है यहां तक की मंदिर का प्रसाद भी कभी-कभी अव्यवस्थित रहता है घी की जगह डालडा का प्रयोग किया जाता है ना घंटी ,ना शंख की गूंज सुनाई पड़ती है वहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर के ट्रस्टी व पुजारी का पूरा परिवार कानपुर में रहता है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लगभग 73 बीघा जमीन मंदिर में लगती है जिसका उपयोग ट्रस्टी द्वारा निजी कार्यों के लिए किया जाता है मंदिर से संबंधित कोई कार्य नहीं करवाया जाता मंदिर से जुड़ा हुआ एक तालाब भी है जो अपनी एक अलग स्थिति व्यक्त कर रहा है कभी उसे तालाब में लोग जाकरस्नान ध्यान किया करते थे लेकिन आज वहां मछली पालन कूड़ा गोबर आज गंदगी फेंकी जा रही है जिससे मंदिर से जुड़ा तालाब गंदगी का एक ठिकाना बन चुका है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस तालाब में गंदगी की वजह से कई मौतें भी हो चुकी हैं वहां के ग्रामीण हनुमान पाल ने बताया कि ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर में पूजा हवन कीर्तन होना चाहिए लेकिन वहां कुछ नहीं होता तालाब के पास घाट बना था जिसमें कई जान जा चुकी हैं या भी बताया कि भूतपूर्व विधायक शासन प्रशासन आया और खाना पूर्ति करके चला गया उसको ना तो मंदिर ना तालाब पर उसकी कोई ध्यान दिया वहां पर उपस्थित दूसरे ग्रामीण देवीसहाय द्विवेदी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हम सरकार से या गुजारिश करेंगे की मंदिर से 73 बीघा जमीन का आय व्यय का कोई सिस्टम नहीं पता चलता ना उसे मंदिर में लगाया जाता है मंदिर की प्रॉपर्टी को पर्सनल प्रॉपर्टी बनाई जा रही है उन्होंने बताया कि पुजारी वर्तमान में आनंद शुक्ला है पूजा नहीं होती है लेकिन पूजा सामग्री अधूरी रहती है उन्होंने सरकार से गुजारिश की जल्द से जल्द इस पर ध्यान दिया जाए तीसरे ग्रामीण धर्मेंद्र शुक्ला से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मंदिर ट्रस्ट में लगी हुई है मुख्य ट्रस्टी ध्यान नहीं देते ना तो मंदिर खुलने का टाइम पता चलता है ना ही बंद होने का सुबह 11:00 बजे भी ताला लगा हुआ रहता है कभी-कभी ट्रस्टी आनंद शुक्ला कानपुर में रहते हैं पुजारी के तौर पर पास की माताजी को रखा हुआ है आरती का कभी कोई पता नहीं चलता मंदिर के अंदर शौचालय भी बना हुआ है जिसमें गंदगी फैली हुई है

आखिर कौन है जिम्मेदार,जिम्मेदार जिम्मेदारी से क्यू है बेपरवाह

वही केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनो सरकार मंदिरों , तालाबों कुआ आदि के सुंदरीकरण के लिए न जाने कितनी योजनाएं चला रही है तो फिर उन योजनाओं का लाभ गांव गांव तक क्यू नही पहुंच रहा यह सरकार पर सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह गांव वाले अक्रोशित होकर उठा रहे है यह भी कहा की यदि सरकार का ध्यान गांव की धरोहर रूपी ठाकुर द्वारा श्री राम जानकी मंदिर और तालाब पर नही तो जनता का ध्यान सरकार पर नही अब वो अपना वोट भी नही देंगे आखिर अमृत सरोवर योजना का लाभ इस गांव को क्यों नहीं या फिर अन्य योजनाओं का लाभ क्यू नही

राठ में चल रही श्रीराम कथा का समापन

- निकाली गई शोभायात्रा, प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक, प्रसाद का भी वितरण

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर में राठ कस्बे के कोटबाजार इलाके में मंगलवार की रात श्रीराम कथा का विधिवत समापन किया गया। राम कथा के अंतिम दिन कथा सुनने के लिए रात्रि के समय भी श्रोताओं की खासी भीड़ नजर आई। कथा के अंतिम दिन वृन्दावन से पधारे भरत शरण जी महाराज ने सुंदर कांड पर बहुत ही सुंदर कथा सुनाई। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्रीराम कथा में बताया कि हनुमान जी सीताजी का पता लगाने लंका गए हुए थे। वहां पर उन्होंने सम्पूर्ण लंका जलाई और उसके बाद भगवान श्रीराम को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिसके बाद भगवान श्रीराम ने लंका चलने का निर्णय लिया तथा रास्ते में पड़ने वाले सेतु को बांधा। यहां पर उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की। बताया कि लक्ष्मण जी को मेघनाद द्वारा शक्ति बाण लगने पर हनुमान जी हिमालय से संजीवनी लाये जिसके बाद लक्ष्मण जी की मूर्छा दूर हुई। उन्होंने कहा कि राम रावण युद्ध हुआ और असत्य पर सत्य की जीत हुई। बड़े ही धूम धाम से भगवान श्रीराम का राज तिलक हुआ। इसके बाद कथा की समाप्ति की घोषणा की गई। श्री मेला जल विहार समिति द्वारा सभी सन्तों सहित पूरे 16 दिनों तक कथा में पूर्ण मनोयोग से कार्य करने वाले सभी व्यवस्थाओं के प्रमुखों का सम्मान किया गया। इस दौरान जल विहार समिति के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, रमेश चंद्र सर्राफ, महामंत्री डॉ. राम गोपाल गुप्ता, पंकज सोनी, मनोज सोनी, गिरीश अग्रवाल, प्रदीप सोनी, रामप्रसाद बारे गुप्ता, राजू सोनी व उमाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

ट्रांसपोर्टर ने साजिश कर 10.60 लाख रुपये का स्क्रैप हड़पा, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के पिपरा स्थित सेमीनाथ कम्पनी के क्रय किये गये स्क्रैप को तर्क चालक,ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक ने साजिश कर साढ़े दस लाख रुपये से अधिक का स्क्रैप साजिश कर हड़प लिया है। पुलिस तीनो जालसाज के खिलाफ साजिश रचने और धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से ऋषभ कुमार पुत्र संजय कुमार 187 ए दीवान बाजार थाना कोतवाली जो सोमनाथ कम्पनी के प्रोपराइटर है। राधा माधव रोड़ सिलचर आसाम से 29970 किग्रा स्कैप के जिसकी कीमत 10.60 लाख रुपये से अधिक थी। ट्रांसपोर्टर के माध्यम से 28 जुलाई 2023 को बुक किया । 29 जुलाई 2023 को तर्क चालक स्क्रैप लादकर चला ।बीच मे तर्क चालक से बात होती रहती थी।6 अगस्त 2023 को ट्रक चालक का मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। जब सामान की खोजबीन करना शुरू किया तो जानकारी मिली कि ट्रक चालक ने समान लड़े ट्रक को ट्रांसपोर्टर कम्पनी के मालिक को गैलेंट के पास हैंडओवर किया है। जब सम्पर्क करना चाहा तो इनका भी मोबाइल स्विच ऑफ था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक अशोक कुमार,ट्रक मालिक अजय शर्मा,ट्रांसपोर्टर चमन यादव के खिलाफ साजिश रच कर सामान हड़पने का केस दर्ज कर लिया है।

गैंगस्टर काजल किन्नर की दो करोड़ की संपत्ति जब्त

सीतापुर, सीतापुर में पुलिस ने गैंगस्टर काजल किन्नर की अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने की कार्यवाई की हैं। देर शाम मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद पुलिस और राजस्व की टीम ने डुग्गी पीटकर संपत्ति को जब्त करने की कार्यवायी करते हुए नोटिस चस्पा की है। पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर की जब्त की गयी कुल संपत्ति की कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बतायी जा रही है। गैंगस्टर की जब्त की गई संपत्ति में एक आवासीय मकान, दो प्लॉट सहित 4 गाड़ियों सहित बैंकों में जमा करीब 4 लाख से अधिक रुपए शामिल हैं। मामला सिधौली कोतवाली इलाके का है। यहां वर्ष 2022 में कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले की निवासी काजल किन्नर पर गरीब बच्चों को नपुंशक बनाकर उनसे चौराहों पर भीख मंगवाने का आरोप लगा था। पुलिस ने कई बच्चों को बरामद कर काजल किन्नर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की थी। काजल किन्नर के साथ गिरोह के अन्य सदस्यों के होने के बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए काजल किन्नर की अपराध से अर्जित संपत्ति को भी चिन्हित करते हुए जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में जपती करने के लिए प्रेषित किया।

कृषि के विद्यार्थियों ने किया सहकारी समिति का भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में कृषि संकाय के स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अगया, पिपराइच का शैक्षिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सहकारी समिति की कार्यशैली व कृषि में उसके योगदान को जाना। समिति के सचिव महेंद्र प्रताप मल्ल ने विद्यार्थियों को बताया कि समिति का गठन किसानों के हित के लिए किया गयाहै। यहां किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को उचित ब्याज दर पर ऋण व सब्सिडी पर खाद एवं बीज प्राप्त कराया जाता है। उन्होंने नैनो यूरिया व नैनो डीएपी की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान सहकारी समिति, बेला के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित रहे।

शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम कृषि संकाय के सहायक आचार्य डॉ आयुष कुमार पाठक के नेतृत्व एवं अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दूबेके निर्देशन में संपन्न हुआ।

दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा सेक्टर 13 में दहेज ना मिलने पर ससुराल के लोगो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया था। पुलिस ने पति,ससुर,सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से नीतू सिंह की शादी 2014 में रवि कुमार सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह गीडा सेक्टर 13 के साथ हुई है। इस दौरान दो बच्चे भी पैदा हुए। लेकिन ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। ससुर और सास के कहने पर 19 मई को पति ने मारपीट कर दोनो बच्चो को उठा ले गये। और ससुराल के लोग घर मे घुसने नही दे रहे आई। पीड़िता ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने पति रवि कुमार सिंह,ससुर राधेश्याम सिंह,सास प्रभावती सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

वृक्षारोपण कर जनमानस को दिया जागरूकता का संदेश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। 11 एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में रीजनल रिस्पांस सेंटर(आर आरसी) गोरखपुर के निरीक्षक श्री गोपी गुप्ता की अगुवाई में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत गोरखपुर जनपद के ज्योति इंटर कालेज के प्रांगण में वृक्षारोपण के कार्यक्रम के द्वारा लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया ।एनडीआरफ के निरीक्षक श्री गोपी गुप्ता ने बताया की वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने की अपील की जिससे पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखा जा सके इस दौरान एनडीआरफ के निरीक्षक राम यज्ञ शुक्ला, उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुमार,एवं अन्य रेस्क्यूर स्कूल के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव,इम्तियाज हुसैन खान, रश्मि सिंह ,मधु उपाध्याय ,अजय कुमार यादव ,गीतू कुमारी एवं अन्य अध्यापक गढ़ और स्कूल के समस्त बालक एवं बालिकाएं विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया इस वृहद वृक्षारोपण अभियानर सरकार द्वारा वातावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम लगातार चला रही है ।और अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल करके पृथ्वी की हरियाली बढ़ा रहे हैं। जितनी अधिक पेड़ पौधे होंगे उतना ही अच्छा वातावरण रहेगा।

आईजीएल के बिजनेस हेड की अध्यक्षता में होगा गांधी जयंती पर नगर निगम में सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में आईजीएल द्वारा प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान में आईजीएल द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और इसी क्रम में रेलवे स्टेशन से टाउन हाल तक रैली निकाली जाती है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद रवि किशन एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ल,महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव है। अति विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की कार्यक्रम सुबह ६बजे प्रभात फेरी होगी और प्रभात फेरी में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र एवं छात्राएं शामिल होगी और इनके साथ ही नगरवासी भी शामिल होगे ।तथा सम्मान समारोह 12 बजे से तीन बजे तक किया जाएगा।

तिरंगे से चक्र हटाकर लिखा इस्लाम का कलमा तय्यब

राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर प्रशासन ने 40 लोगों पर की कार्रवाई

बिंदकी कस्बे के शहर काजी समेत 40 मुस्लिम समुदाय के लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद में मनाये गये मुस्लिम समुदाय का धार्मिक त्योहार बारावफात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समूचे जनपद में जगह-जगह जुलूस निकालकर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मनाया वही जनपद के बिंदकी तहसील कस्बे अंतर्गत निकाले गए जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारतवर्ष के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए तिरंगे से अशोक चक्र गायब कर दिया जुलूस में मौजूद मिला तिरंगा झंडा जिसमें अशोक चक्र की जगह इस्लाम का पहला कलमा ₹ कलमा तय्यब ₹ लिखा मिला वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन ने मामले को तत्काल संज्ञान में लिया राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाले लोगों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पूछताछ प्रारंभ की पुलिस प्रशासन थाना कोतवाली बिंदकी ने तीन युवकों को हिरासत में लिया जिनसे पूछताछ जारी है वही शहर काजी अब्दुल रजा कादरी समेत 40 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया

ब्लाक प्रमुख ने लाभार्थियों से संवाद किया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। विकासखंड पाली के ब्लाक प्रमुख शशिप्रताप सिंह ने शुक्रवार को पाली क्षेत्र के रिठुआखोर हरिजन बस्ती में साफ सफाई के बाद लाभार्थियों से संवाद कर सरकार द्वारा योजनाओं का मिल रहें लाभ के के बारे में जानकारी ली घर घर जाकर लोगों की समस्याओं को सुना ।निराकरण का आश्वासन दिए ।वही बस्ती के शैलेन्द्र प्रसाद के घर भोजन भी किए ।संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जन जन का विकास हो रहा है ।जनता को उनका पूरा हक मिल रहा है ।जिससे उनका विकास तेजी से हो रहा है ।इस दौरान शिवचरन प्रसाद, त्रयंबक उपाध्याय, समेत अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहें।

नदी पर पुल अंत्येष्टि स्थल व ग्राम सचिवालय भवन की मांग

क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल को ग्राम प्रधान ने सौपा लिखित मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। विकास खण्ड देवमई की ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने राज्य सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीणों के बीच शुक्रवार को चौपाल लगाई

जिसमें करीब एक सौ से अधिक ग्रामीण सम्मिलित हुए , चौपाल में ग्राम प्रधान रघुवंश यादव ने क्षेत्रीय विधायक से पाण्डु नदी में पुल निर्माण और अंत्येष्टि स्थल बनवाने और ग्राम पंचायत में सचिवालय भवन बनवाने के लिए लिखित रूप से मांग किया ।

तीनों मांगों को ग्राम चौपाल में ग्रामीणों के सामने विधायक द्वारा शीघ्र ही शासन स्तर पर कार्यवाही कराकर बनवाने का आश्वासन दिया।

रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा, सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत घुरियापार में सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार राकेश कन्नौजिया को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि गावँ के लोगो को आने जाने के लिए वर्षों पुराना सार्वजनिक रास्ता है। जिस पर गावँ के एक व्यक्ति द्वारा रास्ते मे बांस बल्ली और दीवाल चलाकर रास्ते को रोक दिया गया। इस रास्ते से स्कूली बच्चे भी गुजरते है रास्ते पर अवैध कब्जा होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है। प्रशासन से मांग है कि रास्ते पर किये गये अवैध कब्जे को हटाया जाय। ज्ञापन सौंपने वालो में रामचरन राहुल शर्मा,शनि शर्मा,जोखू शर्मा,राम हौसिला, गुलाब विकास शर्मा,राकेश यादव मौजूद थे।

आगामी 03 अक्टूबर को मुख्यमंत्री का जोरदार होगा स्वागत, तैयारियां पूर्ण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज महायोगी कृषि विज्ञान केंद्र चौक माफी पर मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने निरीक्षण किया ।जिला प्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री अजीत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सर्वप्रथम भरोहिया ब्लॉक के सॉखी में संजय सिंह श्रीनेत के पिताजी के पुण्यतिथि पर उनके मूर्ति का अनावरण करेंगे उसके बाद महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र चौक माफी में उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग के तमाम प्रदर्शनी एवं मेले का जायजा लेंगे वहीं एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे चौक माफी कार्यक्रम के बाद नगर पंचायत पीपीगंज में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे ।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के स्वागत की सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। जिला महामंत्री सबल सिंह, जिला सहसंयोजक बिद्रासन चौधरी, लालजी विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आचरण और नैतिक मूल्यों पर की चर्चा

- मेरठ कॉलेज में वक्ताओं रखे विचार, संस्थान के विकास में योगदान पर रहा फोकस

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग में आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशासकीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला के दूसरे दिन संस्था में शिष्टाचार, आचरण एवं नैतिक मूल्य' विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। इस विषय पर वक्ता के रूप में शिक्षा विभाग की प्रोफेसर रेखा राना ने उपस्थित कर्मचारियों को कार्यस्थल पर किस प्रकार शिष्टाचार नैतिक आचरण द्वारा हम संस्थान के विकास में योगदान प्रदान कर सकते हैं, विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्रोफेसर अर्चना सिंह मेरठ कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर अंजलि मित्तल एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर रेखा राणा को उपहार भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रोफेसर योगेश कुमार द्वारा ब्लाइंड वॉक थ्रू हर्डल एंड ईट बनाना नमक गेम सभी कर्मचारियों को खिलाया गया। इस खेल का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के ऑडियो विजुअल एवं गामक विकास को मजबूत करना था। जिसमें सभी कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

अष्टभुजी पाताली देवी मंदिर में लगा विशाल मेला

यज्ञ कार्य के पश्चात अद्भुत जागरण देख दर्शक हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद कस्बे के रिंद नदी के समीप विराजमान ऐतिहासिक मूर्ति अष्टभुजी पाताली देवी का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजक समिति द्वारा आयोजित विशाल कार्यक्रम में माता का भव्य श्रृंगार करते हुए कानपुर महानगर समेत अन्य स्थानो की जागरण पार्टी अद्भुत छवि बिखेरती रही सुंदर-सुंदर झांकियां मां दुर्गा काली संतोषी राधा कृष्ण तथा शंकर पार्वती आदि का सुंदर नृत्य देख दर्शक गण भाव विभोर हो उठे वही आयोजक समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा चलता रहा प्रातः काल में यज्ञ कार्य संपन्न होने के पश्चात हजारों की संख्या में भक्तगणों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं प्रांगण अंतर्गत लगे विशाल मेले का लुफ्त उठाते हुए दर्शकों ने जमकर खरीदारी की विशाल भंडारा देर शाम तक चलता रहा मिली जानकारी के अनुसार कस्बे क्षेत्र के नोनारा गांव के ग्रामीणों द्वारा चलाई गई पूर्व काल की मुहिम आज भी मंदिर प्रांगण में अलौकिक छटा बिखेर रही है जिसमें केवल नोनारा गांव ही नहीं अपितु क्षेत्र के सैकड़ो गांव के श्रद्धालु भक्तगण पहुंच कर माता से मनोवांछित फल प्राप्त करने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं

मेरठ में भाजपा के मेयर, पार्षदों का प्रशिक्षण शिविर

- 2 दिन की वर्कशाप में पार्टी के कामों की दी जाएगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में भाजपा पश्चिम क्षेत्र के 4 नगर निगमों के मेयर, पार्षदों का प्रशिक्षण वर्ग शिविर आज बुधवार से आयोजित हो रहा है। पार्षदों, मेयरों को पार्टी व शहर के विकास से जुड़े तमाम कामों की जानकारी देने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मेरठ में आयोजित दो दिवसीय शिविर का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी करेंगे। समापन अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आएंगे।

कार्यशाला के पहले दिन व्यवस्थाओं पर बातचीत हो रही है। व्यवस्थाओं की जानकारी दी जा रही है। पश्चिम के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने बताया कि यह शिविर पश्चिम क्षेत्र का है। इसमें मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर और गाजियाबाद नगर निगम के 4 मेयर एवं 182 पार्षदों को प्रशिक्षित किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा की उपस्थिति में यह शिविर होगा।

खास समाचार

युवक को मारी गोली

गाजीपुर। जनपद के थाना खानपुर अंतर्गत ग्राम सिधौना के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा एक युवक को गोली मारने का समाचार प्राप्त हुआ है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 29.सितम्बर को समय करीब 04.25 बजे शाम को पुलिस को यह सूचना मिली की थाना खानपुर अंतर्गत ग्राम सिधौना के पास स्वतंत्र भारती पुत्र संजय भारती उम्र करीब 28 वर्ष जो किसी काम से कहीं जा रहा था को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी रंजिश के कारण गोली मार दिया गया, ।गोली लगने से उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस बल व संबंधित पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हो गए ।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा टीमों का गठन कर दिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के प्रवेश मुख्य द्वार का हुआ उद्घाटन

गाजीपुर। जनपद के थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत अष्ट शहीद इंटर कॉलेज का मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन नीरज शेखर राज्यसभा सांसद के द्वारा संपन्न हुआ। इस उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के शिक्षक गण एवं अन्य विद्यालयों से आए हुए आगंतुक शिक्षक गण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नीरज शेखर राज्य सभा सांसद उपस्थित रहे। इसके बाद विद्यालय के सभा भवन में सरस्वती वंदना के साथ-साथ सभा का आरंभ हुआ। सभा की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष अवध किशोर राय ने किया तथा संचालन चौधरी दिनेश राय ने किया। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ ।जिसमें प्रथम सरस्वती वंदना उसके पश्चात माल्यार्पण किया गया। आए हुए मुख्य अतिथि के स्वागत सम्मान में प्रशस्ति पत्र स्कूल द्वारा दिया गया। एक के बाद एक शिक्षकों ने अपने भाषण में स्कूल के बच्चों के पढ़ाई के प्रति अपनी बात कही। बताते चलें कि इस कार्यक्रम के संयोजक चौधरी दिनेश राय थे। उपस्थित अतिथि ने शिक्षा के प्रति छात्रों को दिशा निर्देश देते हुए बताया कि सबसे अच्छा कार्य पठन-पाठन है। जिसको करने के पश्चात हमें अच्छे नागरिक बन सकते हैं। देश की सेवा कर सकते हैं। इसलिए हमें पठन-पाठन पर विशेष जोर देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सत्येंद्र कुमार सिंह ,लक्ष्मण प्रसाद केसरी, पुष्कर तिवारी, पंकज राय ,सुमेर राम, प्रवीण कुमार राय ,प्रवीण प्रजापति सभी शिक्षक गण व कर्मचारी तथा आत्मानंद वर्मा उपस्थित रहे। अंत में सभा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया और सभा का समापन हुआ।

कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम को लखनऊ में मिला सम्मान

बहराइच ।कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. के. एम. सिंह को कृषि विज्ञान केंद्र पर श्रीअन्न उत्पादन एवं प्रचार प्रसार के लिए इटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित नेशनल सेमिनार में विषय ₹बदलते जलवायु परिदृश्य में मिलेटस श्रीअन्न के उत्पादन और मूल्य संवर्धन के लिए नवीनतम दृष्टिकोण₹ में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के कुलपति डा. ए. के. सिंह और उपकार के महा निदेशक डॉ.संजय सिंह ने प्रसत्र पत्र देकर सम्मानित किया। नेशनल सेमिनार में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.के एम सिंह के साथ केंद्र के वैज्ञानिक डा. अरुण कुमार राजभर और सुनील कुमार ने प्रतिभाग किया। डा. सिंह ने बताया कि मिलेट्स में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल्स का अच्छा स्त्रोत होते हैं, जिनसे शरीर को पूरी तरह से पोषण मिलता है। मिलेट्स का सेवन करने से वजन प्रबंधन में मदद मिलती है, क्योंकि इनमें कम कैलोरी होती है और वे ज्यादा समय तक भरपूर रहने की भावना पैदा करते हैं। डा. राजभर ने बताया कि मिलेट्स का सेवन करने से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है, क्योंकि वे अधिक फाइबर और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले होते हैं। सुनील कुमार जी ने बताया कि मिलेट्स में मौजूद फाइबर और अन्य पौष्टिक तत्वों से हार्ट की सेहत सुधारती है, क्योंकि ये कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इस अवसर पर केंद्र द्वारा मिलेट्स की प्रदर्शनी लगाई जिसको राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर रहे महानभावों एवं प्रतिभागियों देखा एवं केंद्र के कार्यों की सराहना की।

पत्रकार को पितृ शोक

अमेठी। लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता विजय कुमार यादव के पिता फतेह बहादुर यादव उम्र 74 साल निवासी गंगेरवा मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को दोपहर करीब 1:00 बजे निधन हो गया इस बात की खबर मिलने पर लोगों में 100 की लहर फैल गई। शोक संवेदना प्रकट वालों का पैतृक निवास पर पहुंचना शुरू हो गया। देर शाम उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में जिले के पुलिस अधीक्षक इला मारन जी, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष छोटे लाल यादव ,जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव, जिला पंचायत सदस्य मोनू यादव ,मुसाफिरखाना कोतवाल विनय कुमार सिंह शामिल रहे। पत्रकार के पिता के निधन की सूचना से पत्रकारों में भी शोक की लहर फैल गई। वरिष्ठ पत्रकार नीरज सिंह, वॉइस आफ मुसाफिर के संपादक पवन कुमार तिवारी, वीरेंद्र तिवारी प्रदीप सिंह हरिप्रसाद यादव,मोनू ने विजय यादव के घर पहुंच कर संवेदना प्रकट किया है। वरिष्ठ पत्रकार तारकेश्वर मिश्रा संतोष श्रीवास्तव अमरीश मिश्रा लोकेश त्रिपाठी,ललित सिंह अजुग,कंचन सिंह, तौफीक अहमद, राजकुमार पांडेय राजीव रंजन,अर्जुन सिंह भदौरिया, राजेश सिंह, बृजेश यादव, विनय, अजय पाठक, मनोज पाठक, रत्नेश अग्रहरि आदि ने शोक व्यक्त किया।

प्रशासन के सराहनीय प्रयास को जनता ने सराहा

बिंदकी कोतवाली अंतर्गत खजुहा चौकी पुलिस ने किया सराहनीय कार्य

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कोतवाली से सम्बद्ध खजुहा चौकी प्रभारी भारत सिंह अपने हमराही आरक्षियों के साथ गश्त कर रहे थे तभी किसी के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर खजुहा कस्बे में बने एक तालाब के पास एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है,सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंच कर उस युवक को लेकर हॉस्पिटल में दाखिल कराया,युवक के पास से एक बैग भी मिला जिसमे 29000रुपए और आधार कार्ड, और मोबाइल मिला।अथक प्रयास के बाद जब युवक को होश आया तो पुलिस को देखते ही अपने साथ के समान के संबंध में पूछा,पर तब तक युवक का भाई आ चुका था ।बताया जा रहा है की युवक बैंक से रुपए निकाल कर अपने साथी के साथ शराब का सेवन किया था ,पता नही कस्बे में कैसे आ गया ।वही उसका दूसरा साथी फरार हो गया ।युवक विकाश खंड अमौली में हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत,ठेकेदारी का कार्य करता है और आगरा का रहने वाला है ।वैसे देखा जाए तो यूपी की पुलिस पर हमेशा आरोप लगते रहते है पर खजुहा चौकी प्रभारी भारत सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पीड़ित युवक के 29000रुपए वापस करते हुए भविष्य में शराब न पीने की शपथ दिलाते हुए युवक को उसके भाई के साथ घर जाने दिया।

कवि सम्मेलन और विचार गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत शुक्रवार को साधना फाउंडेशन की ओर से कवि सम्मेलन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों और साहित्य प्रेमियों ने देश की माटी और वीरों को नमन करते हुए मातृभाषा हिंदी की समृद्धि के संदेश दिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और सोलर एनर्जी कारपोरेशन लिमिटेड इंडिया की डायरेक्टर रश्मि सिंह ने नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के साथ कवियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन का प्रारंभ वाणी वंदना के साथ हुआ।

कवि सम्मेलन के मंच पर मौजूद एक मात्र कवियत्री रामकुमारी गुप्ता संसृति ने मैं हिन्दी हूं शीर्षक कविता के माध्यम से देशवासियों को मातृभाषा हिंदी के प्रति अपनापन बढ़ाने के संदेश दिए। मैं हिन्दी हूं, हिन्दुस्तानियों की मातृभाषा हूं, फिर भी लोग मुझको पराया ही समझते हैं ।कवि और भोजपुरी फिल्मों के कलाकार श्री नाथ शुक्ल ने लोकगीत -चला चली गउंवा की ओर हो, जिया झकझोर मारे गोरिया -, पंक्तियों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन और संस्कृति की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की। आशुतोष गुप्ता ने आज की राजनीति पर करारा व्यंग करते हुए कविता पाठ किया -राजनीति नहीं अब तो ताजनीति है, दंगे फसाद की कूटनीति है । सम्प्रदायवाद और जातिवाद ही छाया है, सत्ता सुख ही अब माया है। वर्तमान राजनीति और राजनेताओं के चरित्र में बदलाव का संदेश दिया ।डा ज्ञानेंद्र पांडेय,अवधी मधुरस ने हिन्दी के गौरव और सम्मान का गुणगान किया। उन्होंने कविता पढी-भारत मां के आंचल का दुलार है हिन्दी, हिन्दी आचार है, व्यवहार है, संस्कार है हिंदी।

चंद्र प्रकाश मंजुल ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से नारी शक्ति को प्रणाम किया,बेटी बेटा विभेद खत्म कर बेटियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया,-बेटवन से बिटिया नीकि अहैं,सौ सोने कै सींक अहैं। रामेश्वर सिंह निराश ने अपनी कविता के माध्यम से देश की माटी और वीरों को नमन किया -बेवजह न दिल केहू कै दुखावा करा,मिलिके सब केउ वतन का उठाना करा,जौन माटी के खातिर से माटी भयन , उनकी माटी का माथे लगाना करा। राजेन्द्र शुक्ल अमरेश ने कवि और कविता की परिभाषा करते हुए अवधी में काव्य पाठ किया। सुनील त्रिपाठी और साधना त्रिपाठी ने कवियों और अतिथि वक्ताओं का स्वागत सम्मान किया। अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा अर्जुन पांडेय ने मातृभाषा हिंदी के साथ अवधी को भी समृद्ध करने की अपील की। कहा कि हिन्दी अंतरराष्ट्रीय भाषा बन रही है, भारत के लोगों को अंग्रेजियत से बचते हुए अपनी माटी और भाषा की समृद्धि के संदेश दिए। वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीष मिश्र, गुरु गोबिंद सिंह लंगर आयोजन समिति के सेवादार संजीव भारती, सचिव सदाशिव पांडेय, साहित्य प्रेमी अमर सिंह, एडवोकेट जगन्निवास मिश्र, श्रीमती त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज ,अमेठी ।एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज अमेठी की स्वास्थ्य सेवाएं जो कि वर्षों से अमेठी सहित आसपास जनपदों के लाखों लोगों की सेवा दे रहा था । इस अस्पताल को शासन व प्रशासन के दबाव में प्राकृतिक न्याय एवं विधि व्यवस्था की अवहेलना करते हुए रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। जिससे क्षेत्र के आसपास के लगभग लाखों की जनता चिकित्सा सुविधा को लेकर अत्यंत चिंतित व परेशान है । अस्पताल निलंबन की तिथि आज तक कई हजार तीमारदार अस्पताल बंद होने से इधर-उधर भटक रहे हैं तथा सुविधाओं के अभाव में जीवन मरण की स्थिति से जूझ रहे हैं । अतः भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की मांग है कि अस्पताल को जल्द से जल्द पुनः चलाया जाए अन्यथा जन आंदोलन होगा । इस मौके पर आईजीपी के छात्र नेता आदर्श सिंह अशोक आदर्श शिवम शुक्ला हिमांशु तिवारी प्रज्ञानंद कृष्ण मौर्य गोविंद मिश्र शैलेंद्र पाल इंद्रजीत विश्वकर्मा अनुज यादव वैभव शुक्ला मोहम्मद शहजाद मोहम्मद सुलेमान नितिन त्रिपाठी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

जिले में जश्ने-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सकुशल हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पैगम्बर ए इस्लाम रहमते आलम हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लाहो अलैह वसल्लम की यौमे विलादत बासआदत जश्न ए ईदमीलादुननबी के अवसर पर कौमी एकता का प्रतीक दरगाह हजरत सैय्यद सालार मसऊद गाजी रहमतुल्लाह अलैह से ऐतिहासिक जुलूस ए मुहम्मदी सल्लाहो अलैह वसल्लम गुरूवार को परंपरागत तरीके से सुबह 8 के करीब नारहाए तकबीर व रिसालत के दौरान निकाला गया । लगभग एक किलोमीटर लम्बा उपरोक्त जुलूस विभिन्न रास्तो से होता हुआ दरगाह प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद के नेतृत्व मे नगर के छावनी चौराहा पहुंचा जहां समाजवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानंजय सिहं ने भी अपनी उपस्थिती दर्ज करायी,जुलूस मे विभिन्न प्रकार की झांकियां रौनक बढ़ा रही थी । जुलूस मे दरगाह शरीफ के खुद्दाम के अलावा ककरही, नौरैया सालारपुर, घोसियाना समेत दरगाह क्षेत्र के काफी संख्या मे लोग शामिल थे। जुलूस वापस दरगाह शरीफ पहुंच कर समाप्त हो गया। वही मौके पर पुलिस ने अपनी ड्यूटी बखूबी से निभाया, और जिले का जुलूस शांति पूर्वक तरीके से निपट गया।

अस्पताल खोलने तथा सत्याग्रह के समर्थन को लेकर कर्मचारी कर रहे अपील

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। संजय गांधी अस्पताल गेट पर कर्मचारी मार्मिक अपील पंपलेट बाट कर लोगों से अस्पताल खुलवाने एवं सत्याग्रह संघर्ष में समर्थन की अपील कर रहे हैं। अस्पताल गेट पर सत्याग्रह चौथे दिन भी जारी है। अपनी मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने आवाज बुलंद करते हुए नारेबाजी की। आर पार की लड़ाई करने को सभी कर्मचारी तैयार हैं।

अपील में बताया गया है कि बीते 18 तारीख को शासन एवं प्रशासन की ओर से कथित कतिपय आरोप में संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर एवं सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। जब किया अस्पताल बीते 35 वर्षों से निस्वार्थ जनमानस की निरंतर सेवा में समर्पित है। जिस धारणा को आधार बनाकर अस्पताल बंद कर सैकड़ो कर्मचारी डॉक्टर कांट्रैक्ट वर्कर्स को बेरोजगार कर दिया गया है। ऐसे में वह भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। अपील में कहा है कि 14 सितंबर को अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन करने आई दिव्या 15 को जब बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया तो उनकी तबीयत बिगड़ी। जिस पर लगातार चिकित्सकों ने परिजनों को शीघ्र उच्च अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। 17 सितंबर को अस्पताल द्वारा लखनऊ मेदांता मरीज को ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना से सभी अस्पताल कर्मी दुखी है और पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। 18 सितंबर को आनंद-खनन में अस्पताल बंद करने का आदेश कर दिया गया। कर्मचारियों ने अपील में बताया है कि पीड़ित परिवार अस्पताल बंद करने के समर्थन में नहीं है मुंशीगंज अस्पताल अमेठी जनपद के अतिरिक्त आसपास के जनपदों से आए मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा दे रहा है जिन मरीजों को जिला अस्पताल व सामुदायिक अस्पताल में चिकित्सीय सेवा नहीं मिल पाती थी वह भी अस्पताल में चिकित्सा के लिए आते थे सभी अस्पतालों से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे अस्पताल का क्षेत्र की जनता के लिए बहुत उपयोगी है। अस्पताल बंद होने से सैकड़ो कर्मचारी डॉक्टर बेरोजगार हो गए हैं क्षेत्रीय जनता भी परेशान है हम सभी 35 वर्षों से अपनी सेवा देकर जीवन कुर्बान किया है अस्पताल बंद होने से सभी कर्मचारी क्रमिक धरना दे रहे हैं।

अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हम लोग जनता के समर्थन के साथ इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ेंगे। वरिष्ठ कर्मचारी अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च स्तरीय सेवा देने वाला अस्पताल बंद किया जाना कर्मचारी एवं क्षेत्र की जनता के हित में नहीं है। अस्पताल में तैनात अब बेरोजगार हो गए हैं। कर्मचारी और जनता की परेशानी दूर हो इसके लिए अस्पताल का संचालन अति आवश्यक है। सरकार को इस पर पुनर्विचार करके कार्य करना चाहिए। सत्याग्रह स्थल पर कर्मचारियों ने उग्र रूप से नारेबाजी करते हुए लाइसेंस बहाली एवं संचालन की आवाज बुलंद की। इस मौके पर संजय सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, संजय सिंह परिहार, चंद्रभान पांडे, सुनील ओझा बृजेश सिंह अनिल शुक्ला अंकित चौधरी उमेंद्र तिवारी शिवपूजन तिवारी विनोद सिंह मोहम्मद आलम विपिन सिंह साधना रिंकू निशा यादव आशा कश्यप राजदुलारी ममता रेखा विश्वकर्मा विनोद कुमारी सिंह, विपिन श्रीवास्तव, सीमा यादव गुड्डी देवी समेत कर्मचारी संघ पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ समेत कॉन्ट्रैक्ट वर्कर मौजूद रहे ।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 03 से 31 अक्टूबर तक होगा संचालित -डीएम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में 03 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर के मध्य दस्तक अभियान को लेकर द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुडे.मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आई0सी0डी0एस0, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया जाए। पोस्टर, हैण्डबिल, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिण्ट मीडिया के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, सीएमएस डा. बीपी अग्रवाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रसाद सहित अन्य अधिकारी व समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जामो, अमेठी ।जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नरसिंह पुत्र राधेश्याम सिंह नि0 ग्राम पूरे सधई मजरे सम्भई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष को हरगांव मोड़ के पास से समय करीब 11:50 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त एवं बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

संजय गांधी अस्पताल बंद करने के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

अमेठी। शुक्रवार को संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज को बंद करने के विरोध में कांग्रेस के कार्यकताओं ने नगर में मसाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया । उनकी अगुवाई में कार्यकताओं ने कार्यालय से मशाल जुलूस की शुरूआत की गई। जुलूस अंबेडकर तिराहा, गांधी चौक , सगरा तिराहा होते हुए ददन सदन तिराहा ,रामलीला मैदान से होते हुए पुनः कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल बंद होने से अमेठी जिले के साथ-साथ आसपास की जनपद के मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है । मरीज काफी परेशान है। मजबूरी में लोगों को राजधानी जाना पड़ रहा है। अस्पताल को यथाशीघ्र खोल देना चाहिए ।

संजय गांधी अस्पताल सात दिनों तक नहीं खुलता तो होगा बड़ा जनान्दोलन- राकेश सिंह

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज ,अमेठी । जिला मुख्यालय गौरीगंज में शुक्रवार को सदर से सपा विधायक और राकेश प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज के बहाली की मांग किया। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि संजय गांधी अस्पताल को राजनीतिक द्वेष के कारण बंद किया गया है ।वहां पर सब का इलाज हो पाता है।जबकि हायर सेंटर लखनऊ में बेड नहीं मिल पाता है। यहां पर इलाज की सुविधा है। चिकित्सा सुविधा पूर्ण करने में जिला अस्पताल असक्षम है ।संजय गांधी अस्पताल अमेठी द्वारा संचालित ब्लड बैंक डायलिसिस महिला चिकित्सा दैनिक ओपीडी पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड इमरजेंसी सेवाएं उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा लखनऊ के लिए रेफरल व्यवस्था पूरी तरह से बंद है । जिससे आम जनमानस में गंभीर संकट आ गया क अस्पताल में कार्यरत 450 कर्मचारी और उनके परिवार की जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है ।संजय गांधी अस्पताल में 600 नर्सिंग 200 पैरामेडिकल की परिषद छात्राएं यहां पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज हमने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा बाधित होने के कारण भविष्य अंधकार में हो गया है इन गंभीर परिस्थितियों को जिला रखते हुए राज्यपाल महोदय से अनुरोध है कि इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश सरकार को संजय गांधी अस्पताल को बाहर करने का निर्देश दे । मीडिया से मुखातिब विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि लगभग 1000 छात्र छात्राएं यहां पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज हमने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया है ज्ञापन के माध्यम से हमने कहा है कि अगर 07 दिनों के अंदर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और अस्पताल नहीं खोला गया तो एक बड़ा जन आंदोलन पूरे जनपद में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रियंक हर विजय त्रिपाठी धीरू पूर्व जिला अध्यक्ष सपा अमेठी हाजी मोहम्मद सुल्तान गौरीगंज धर्म नाथ जिला सचिव सपा गिरीश यादव,धर्मेश धोबी , आरिफ गुर्जर उमेश सिंह ब्लाक प्रमुख पप्पू सिंह प्रमुख मुसाफिरखाना, बृजेश मिश्रा,बब्बन सिंह, राम सुफल पासी ,अभय सिंह, पवन सिंह, ललित सिंह, राममूर्ति परिहार, संतोष सिंह, डीके श्रीवास्तव, रणवीर सिंह सहित बड़ी संख्या सपाई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

प्रेरक-प्रसंग

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही बहुत सहृदय और कर्तव्यपरायण व्यक्ति थे। दोनों का जीवन देश को समर्पित था। प्रस्तुत है, दोनों के जीवन से जुड़े ऐसे प्रसंग, जो हमें एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं।

हमारे प्रेरणादायी महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री



महात्मा गांधी थे प्रकृति प्रेमी

गांधीजी प्रकृति प्रेमी थे। वे न तो कभी किसी पौधे-वृक्ष की टहनी तोड़ते और न कभी फूल। नदियां, कुएं और तालाब से भी सिर्फ उतना ही पानी लेते, जितने की जरूरत होती। एक दिन जमनालाल बजाज ने चुटकी ली, 'बापू! आप स्नान करने और पानी पीने में इतनी कंजूसी क्यों करते हैं?' गांधीजी बोले, 'ये नदियां, कुएं और तालाब सब प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं। मुझे जितने पानी की आवश्यकता होती है, उतना ले लेता हूं। हां, अगर व्यर्थ में ही पानी को बर्बाद करने लगा तो कई लोगों को प्यासा रहना पड़ेगा और खेतों में बराबर सिंचाई नहीं होगी।' इस तरह महात्मा गांधी पर्यावरण के रक्षक की भी भूमिका निभाते थे।

रहते थे अनुशासित

गांधीजी स्वाधीनता आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए। एक बार असहयोग आंदोलन के दौरान गांधीजी जेल में बंद थे। उन्होंने जेल के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। सरकार ने व्यवस्था कर रखी थी कि कैदियों को अखबार न दिया जाए। एक अंग्रेज अधिकारी ने गांधीजी के व्यक्तित्व को परखने के लिए एक अखबार उनके कमरे में रख दिया। दूसरे दिन वह अधिकारी यह देखकर चकित रह गया कि गांधीजी ने अखबार को छुआ तक नहीं। अधिकारी ने पूछा, 'गांधीजी, आपने अखबार क्यों नहीं पढ़ा?' गांधीजी ने जवाब दिया, 'जेल में जब अखबार पढ़ने पर प्रतिबंध है तो मैं क्यों पढ़ता?'

सहृदय बापू

बापू के हृदय में सभी के लिए स्थान रहता था। वह सबका बहुत ख्याल रखते थे। यह बात कई मौकों पर साबित हुई। साबरमती आश्रम की बात है। एक रात को एक चोर आश्रम में आया। संयोग से एक आश्रमवासी जाग रहा था। उसने धीरे से कुछ और लोगों को भी जगा दिया और फिर सबने मिलकर चोर को पकड़ कर कोठरी में बंद कर दिया। व्यवस्थापक ने प्रातः यह खबर बापू को दी। चोर को उनके सामने पेश किया गया। बापू ने निगाह उठाकर उसकी ओर देखा। वह नौजवान सिर झुकाए डरा-सहमा हुआ खड़ा था। शायद वह सोच रहा था- बापू उस पर क्रोध करेंगे।

लेकिन बापू ने जो किया, उसके बारे में चोर ने कल्पना भी नहीं की थी। बापू ने उससे पूछा, 'क्या, तुमने नाश्ता किया?' कोई उत्तर न मिलने पर उन्होंने व्यवस्थापक की ओर प्रश्नभरी मुद्रा में देखा। व्यवस्थापक ने कहा, 'बापू! यह तो चोर है, नाश्ते का सवाल ही कहां उठता है?' बापू का चेहरा गंभीर हो आया। दुःख भरे स्वर में बोले, 'क्यों, क्या यह इंसान नहीं है? इसे ले जाओ और नाश्ता कराओ।'

व्यवस्थापक, जिसे चोर मानकर लाए थे, वह अब एक क्षण में भला इंसान बन गया था। उसकी आंखों में प्रायश्चित के आंसू थे। यह बापू के सहृदय होने का परिचय था। बच्चों, बापू को सदैव अपने हर भारतवासी की चिंता रहती थी। इसलिए तो वह हम सबके प्यारे बापू थे और हमेशा प्रेरणास्रोत भी रहेंगे। *

> इंसान अपने आचरण और बड़ी सोच से ऊंचा-महान बनता है। अपने इन्हीं गुणों से गांधीजी और शास्त्रीजी महान बने।

शास्त्रीजी रखते थे सबका ख्याल

लाल बहादुर शास्त्रीजी बचपन से ही दृढ़ संकल्प वाले और सहृदयी थे। शास्त्रीजी के जीवन से जुड़ा एक प्रसंग है, जिससे उनके सहृदयी होने का पता चलता है। यह उस समय की बात है, जब शास्त्रीजी गृहराज्य मंत्री थे, उनके निवास स्थान के दो दरवाजे थे, एक जनपथ की ओर खुलता था तो दूसरा अकबर मार्ग की तरफ। एक बार की बात है, शास्त्रीजी अपने बरामदे में बैठकर कुछ काम कर रहे थे, तभी उन्हें कुछ तेज आवाजें सुनाई दीं। जब वह वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दो श्रमिक महिलाएं सिर पर घास का गट्ठर रखकर जा रही थीं, उनका चौकीदार उन्हें दूसरे रास्ते से जाने को कह रहा था। शास्त्रीजी ने पूछा, 'क्या बात है?' तो चौकीदार ने उन्हें सारी बात बताई कि महिलाएं इस रास्ते से जाना चाह रही हैं, क्योंकि उन्हें सुविधा होगी, लेकिन इससे घास के तिनके रास्ते पर गिरेंगे और बंगले के सामने गंदा हो जाएगा। इस पर शास्त्रीजी ने चौकीदार को समझाया और उन दो श्रमिक औरतों को उस रास्ते से जाने की अनुमति दे दी। उनका कहना था कि अगर इन महिलाओं को निकट के रास्ते से जाने में सुविधा होती है, तो हमें समस्या नहीं होनी चाहिए। इस प्रसंग से सिद्ध होता है कि शास्त्रीजी आम जनता के हित और सुविधा का हमेशा ख्याल रखते थे।

सादगी से भरा व्यक्तित्व

शास्त्रीजी इतने सरल और सादगीपूर्ण ढंग से रहते थे कि अकसर लोग उन्हें पहचान ही नहीं पाते थे। उनके जीवन में अनेक ऐसे प्रसंग हैं। एक बार ऐसा हुआ कि वे गृहमंत्री के रूप में आगरा जा रहे थे। स्टेशन पर उनके स्वागत के लिए काफी लोग ट्रेन के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। अधिकारी फर्स्ट क्लास के डिब्बे में उनको लेने गए, लेकिन वहां उनको न पाकर निराश हुए। उन्हें ऐसा लगा कि मंत्री जी नहीं आए। जबकि शास्त्रीजी ट्रेन के तीसरे दर्जे के डिब्बे से उतरे और गेट से बाहर निकलने के लिए आगे बढ़े, तब एक कांस्टेबल ने उन्हें डांट दिया, 'खड़े रहो, पहले मंत्रीजी निकल जाएं तब बाकी लोग जाएंगे।' शास्त्रीजी चुपचाप एक ओर खड़े हो गए। अधिकारी निराश होकर आपस में बातें करते हुए जब गेट के पास आए, तो शास्त्रीजी को गेट के एक तरफ खड़े देखा। वे चकित रह गए, उनके मंत्रीजी यहां खड़े थे।

उन्होंने क्षमा मांगते हुए, उनका स्वागत किया। इससे पहले कि शास्त्रीजी आगे बढ़ते, उन्होंने मुस्कुराते हुए उस कांस्टेबल को रोका, वह सन्न था। काटो तो खून नहीं, लेकिन शास्त्रीजी ने हंसकर कहा, 'मुझे खुशी है कि तुमने अपनी ड्यूटी अच्छी तरह निभाई है।' ऐसा कहते हुए वे आगे बढ़ गए। साधारण ओहदे का कांस्टेबल अपने मंत्री के असाधारण और सौम्य व्यवहार को देखकर भौंचक रह गया।

बच्चों, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के गुणों को हम सब को अपनाना चाहिए। इस तरह देश की तरक्की और विकास में तुम भी अपना योगदान दे सकते हो। *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

विशेषः विश्व हृदय दिवस, 29 सितंबर

हृदय से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

जानकारी

बच्चों, हृदय हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह बिना रुके जीवन भर धड़कता रहता है। पूरे विश्व में हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। यहां इंसानी हृदय से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हम दे रहे हैं, जिनके बारे में शायद तुम न जानते हो।

बच्चों, हमारा हृदय लगातार धड़कता रहता है। एक वयस्क इंसान का हृदय 24 घंटे में एक लाख से ज्यादा बार धड़कता है। हर मिनट हृदय धड़कने के साथ 5.7 लीटर खून पूरे शरीर में भेजता है। रक्त को रक्त नलिकाओं के माध्यम से विभिन्न अंगों तक पहुंचने में करीब 60 सेकेंड का समय ही लगता है। हृदय लगभग 96,000 किलोमीटर लंबी रक्त वाहिकाओं के माध्यम से रक्त पंप करता है।

बच्चों, हृदय को धड़कने के लिए विद्युत तरंग की जरूरत होती है। यह तरंग हृदय स्वयं उत्पन्न करता है। अगर हृदय को शरीर से अलग कर दिया जाए तो भी कुछ समय तक इसका धड़कना जारी रहेगा। हृदय ही धड़कनों को सुनने के लिए डॉक्टर स्टेथोस्कोप नामक चिकित्सा उपकरण का इस्तेमाल करते हैं। हृदय के धड़कनों की संख्या हर उम्र में अलग-अलग होती है। जैसे नवजात शिशु की धड़कन जन्म से 11वें महीने तक 70 से 160 बीपीएम (बीट्स पर मिनट) होती है। एक से चार साल के बच्चे की हृदय की धड़कन 80 से 120 बीपीएम, पांच से नौ साल तक के बच्चे की हृदय की धड़कन 75 से 110 बीपीएम, दस साल के बच्चे और वयस्क इंसान की हृदय की धड़कन 60 से 100 बीपीएम होती है। हंसना हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इसलिए हमेशा हंसते, मुस्कुराते रहना चाहिए। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

बूझो तो जानें

1\. तीन रंग का प्यारा प्रतीक है,
आसमान में जो फहराता है।
समृद्धि, शांति, त्याग झलकाता,
बच्चों वह क्या कहलाता है?



2\. ज्ञान जहां पर बच्चे पाते है,
जहां शिक्षकगण पढ़ाते हैं।
छुट्टी होने पर सब घर जाते है,
वो स्थल क्या कहलाते हैं?

3\. फूलों-सा वे प्यारे होते हैं,
अपनी मां के जो दुलारे होते हैं।
पढ़ते-लिखते और खेलते हैं,
बोलो तो वे कौन होते हैं?

4\. ज्ञान-विज्ञान हमें जो सिखाते है,
भविष्य हमारा जो संवारते हैं।
संस्कार का पाठ पढ़ाते हैं,
ये मार्गदर्शक कौन कहलाते हैं?

- अशोक पटेल 'आशु'

उत्तर: 1-तिरंगा झंडा, 2-पाठशाला, 3-बच्चे, 4-शिक्षक

जीके क्विज-73

1. हाल में आरंभ किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार किन क्षेत्रों में दिए जाएंगे?
2. इन दिनों किस देश में 17वें एशियाई खेलों का आयोजन चल रहा है?
3. हरियाणा का राजकीय खेल कौन-सा है?
4. छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कब हुई थी?
5. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पूरा नाम क्या था?
6. महात्मा गांधी की माताजी का क्या नाम था?
7. करो या मरो का नारा किसने दिया था?
8. बचपन में घर में लाल बहादुर शास्त्री किस नाम से पुकारे जाते थे?
9. किस विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि को लाल बहादुरजी ने अपने नाम के आखिर में जोड़ा था?
10. पाकिस्तान के साथ ताशकंद समझौता किस भारतीय प्रधानमंत्री ने किया था?

बच्चों, जीके क्विज-73 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे

जीके क्विज-72 का उत्तर : 1-गुजरात, 2-मुंबई, 3-दिल्ली, 4-साल का पेड़, 5-कैल्शियम, 6-कंचनजंगा, 7-हरा, 8-पंचभुज, 9-29 सितंबर, 10-गंगा नदी

जीके क्विज-72 का सही उत्तर देने वाले : अभय गुप्ता-गनियारी, भूपेन-छत्तीसगढ़, अजेश-रायपुर, भूमि-बिलासपुर, प्रियंका-भोपाल, दीपिका-जबलपुर, लोकेश-दिल्ली, नीरज-रोहतक, गरिमा-महेंद्रगढ़, दिनेश-धमतरी, उमेश-करनाल, प्रज्ञा-कोरबा, सूर्यांश-दुर्ग, पुरु-कटनी

हंसगुल्ले

गोलू- गप्पा, मैं क्रिकेट के बारे में सब कुछ जानता हूं। अगर विश्वास नहीं होता तो क्रिकेट के बारे में कुछ भी पूछ सकते हो?
गप्पा- अच्छा तो बताओ कि दो गिल्लियों के बीच की दूरी कितनी होती है?
-यश, रायपुर

अंकित (शेखी बघारते हुए)- नंदू मैंने शेर को हवा में उछाल दिया, चीते को पकड़कर उसके पैर बांध दिए और जेबरा को जमीन पर गिरा दिया।
नंदू हैरानी से - फिर क्या हुआ?
अंकित- फिर सारे खिलौने को संभाल कर एक जगह रख दिए, क्योंकि मम्मी बहुत गुस्सा हो रही थीं।
-वैदिक, भोपाल

गोलू अपने मामा के घर भोपाल गाड़ी से जा रहा था। भोपाल शहर में एंट्री लेते ही गोलू चीखा- भोपाल आया... बल्ले बल्ले...
पापा- बी साइलेंट।
गोलू- ओके पापा... ओपाल आया... अल्ले अल्ले...
-राजू, बिलासपुर

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

महात्मा गांधी का कहना था कि गलती करने वाला अगर अपनी गलती मान ले तो बड़ी बात है, क्योंकि वह इंसान अच्छा-बुरा जान रहा है। ऋषभ ने भी एक गलती की, उसने अपने दोस्त अंकित को क्लास में पछाड़ने के लिए ऐसा काम किया, जो नहीं करना चाहिए था। लेकिन क्या ऋषभ को अपनी गलती का एहसास हुआ?

गलती का एहसास

एक शाम ऋषभ को सामने वाले घर में अपनी ही उम्र का एक बच्चा दिखा। तुरंत मम्मी के पास जाकर उसने चहकते हुए बताया, 'मम्मी, सामने वाले घर में कोई रहने आ गया है। एक बच्चा भी मेरी उम्र का है।'

मम्मी मुस्कुरा कर बोलीं, 'अच्छी बात है बेटा... अब तुम्हें एक दोस्त मिल जाएगा...।'

ऋषभ बाहर आया तो देखा कि सामने वाले घर का वह बच्चा उसे देखकर मुस्कुरा रहा है। उसने ऋषभ के पास आकर बताया कि उसका नाम अनंत है। संयोग से तीन दिन बाद ही अनंत ने ऋषभ के स्कूल में ही एडमिशन ले लिया। दोनों के क्लास और सेक्शन भी एक ही था। क्लास में दोनों पास-पास ही बैठते थे। कुछ समय बाद ऋषभ को पता चला कि अनंत पढ़ने में बहुत होशियार है। अब तक ऋषभ क्लास में फर्स्ट आता था, लेकिन अब उसके साथ मुकाबले के लिए अनंत आ गया था। पहली यूनिट टेस्ट में दोनों के नंबर समान आए। लेकिन जिस तरह और जिस फुर्ती से अनंत गणित के सवाल हल करता था, ऋषभ हैरान रह जाता था। उसे पक्का विश्वास हो गया था कि इस बार हाफ ईयरली एग्जाम में फर्स्ट पोजीशन अनंत को ही मिलने वाली है। ऋषभ को लगता था कि गणित में अनंत ही बाजी मार ले जाएगा। ऋषभ अकसर यही सोचता था कि कुछ ऐसा हो जाए कि अनंत गणित की परीक्षा ही ना दे पाए, वह गणित वाले पेपर में एब्सेंट हो जाए।

गणित के पेपर से ठीक एक दिन पहले ऋषभ ने अखबार में पढ़ा कि अगले दिन सभी प्राइवेट पब्लिक वाहनों की हड़ताल है। ऋषभ ने मन ही मन एक योजना बनाई। रात को खाना खाकर टहलने के बहाने वह अनंत के घर के पास गया। बाहर खड़ी उसके पापा की कार के टायरों की हवा निकाल दी और घर में आकर चुपचाप लेट गया। यह काम वह कर तो आया, लेकिन मन ही मन वह बेचैन था। वह रात को ठीक से सो नहीं पाया।

सुबह ऋषभ का उदास चेहरा देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ बेटा, एग्जाम की तैयारी तो ठीक से है ना?'

ऋषभ ने कोई जवाब नहीं दिया। पापा से बस यही कहा, 'पापा, स्कूल समय पर छोड़ दीजिए, क्योंकि आज ऑटो-वैन की हड़ताल है। पापा तय समय से बहुत पहले ही उसे स्कूटर से स्कूल छोड़ आए। उधर अनंत के पापा ने जब अपनी कार का टायर पंचर देखा तो वे टेंशन में आ गए लेकिन अनंत ने कहा, 'कोई बात नहीं पापा, आप परेशान न हों। मैं साइकिल से स्कूल चला जाऊंगा।'

अनंत ने साइकिल निकाली और तेज गति से साइकिल चलाते हुए स्कूल पहुंच गया। पेपर शुरू होने के पंद्रह मिनट बाद परीक्षा में प्रवेश निषेध था, लेकिन उससे ठीक पहले अनंत पहुंच गया। लेकिन देर तो उसे हो ही गई थी। उसने जल्दी-जल्दी किसी तरह अपना पेपर पूरा किया। ऋषभ ने भले ही अपना पेपर आसानी से पूरा कर लिया था, लेकिन उसके मन में एक अजीब सी बेचैनी थी। सारे पेपर्स खत्म होने के बाद भी उसके भीतर यह बेचैनी बनी रही। अनंत रोज उसके घर आता था, उसके साथ खेलता था, लेकिन ऋषभ की बेचैनी बढ़ती जा रही थी।

वह दिन भी आ गया, जब हाफ ईयरली एग्जाम का रिजल्ट घोषित हुआ। ऋषभ को अनंत से पूरे पांच नंबर ज्यादा मिले थे। यह पांच नंबर गणित में ही ज्यादा थे। ऋषभ इसका कारण जानता था। शाम को अनंत जब उसे बधाई देने आया तो ऋषभ फूट-फूटकर रोने लगा। उसने अनंत को सारी बातें सच-सच बता दीं।

ऋषभ की मम्मी भी यह बात सुनकर हैरान रह गईं। उन्होंने ऋषभ को जैसे ही डांटना शुरू किया, अनंत ने रोक दिया। वह बोला, 'आंटी, ऋषभ बहुत अच्छा लड़का है। मुझे और पापा को अगले ही दिन सीसीटीवी कैमरा देखकर पता चल गया था कि गाड़ी के टायर की हवा ऋषभ ने निकाली है, लेकिन हम चाहते थे कि ऋषभ को अपनी गलती का एहसास स्वयं हो। मैं महसूस कर रहा था, ऋषभ इन दिनों बेचैन रहता है। मैं यह भी समझ रहा था कि वह क्यों बेचैन है?'

तभी ऋषभ रोते हुए बोला, 'मुझे माफ कर दो दोस्त! फर्स्ट तो तुम ही आए हो।'

अनंत ने जवाब दिया, 'कोई बात नहीं ऋषभ। हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहा करते थे कि अपनी गलती मान लेना बहुत बड़ी बात है। तुमने अपनी गलती मान ली है। आओ गले लग जाओ दोस्त।'

ऋषभ तुरंत अनंत के गले लगा। उसे लगा, अब उसके दिल पर से बहुत बड़ा बोझ उतर गया है। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय

अमर कहानी बापू की

जब भारत मां के आंगन में
गोरों का सिक्का चलता था।
जब अंग्रेजों के शासन का
सूरज न कभी भी ढलता था।
तब बापू ने था जन्म लिया
भारत का पौरुष जागा था।
इस धरती से तब राजपाट
को छोड़ फिरंगी भागा था।
बापू के पीछे निकल पड़ा
था भारत का जन-मन सारा।
गूंजा स्वदेश की माटी में
शुभ सत्य, अहिंसा का नारा।
है युद्ध बिना हक कब मिलता
यह बात सभी ने बतलाई।
पर आजादी हथियार बिना
बापू ने हमको दिलवाई।
याद रहेगी युग-युग तक
जन-जन को कुर्बानी बापू की।
हम सदियों भूल न पाएंगे
यह अमर कहानी बापू की।

रंग भरो-134

रंग भरो-134 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

अंशिका, भिलाई

प्रशांत, बिलासपुर

सुयश, बिलासपुर

सौम्य, बालोद

पूरब, राजनांदगांव

हिताक्षी, महेंद्रगढ़

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कियाश-रायपुर, अंकिता-दिल्ली, मुकेश-कोरिया, धीरज-करनाल, उषा-विदिशा, दीपक-धमतरी, गुरप्रीत-जबलपुर, जितेंद्र-महेंद्रगढ़, कविता-कैथल, हितेश-गुना, राकेश-रायगढ़, यशिका-कांकेर, खुशी-दिल्ली, पुलकित-कोरिया, विवेक-भिवानी, चंचल-रोहतक

रंग भरो 135

बच्चों, यहां पर चरखे से सूत कातते हुए महात्मा गांधी का एक चित्र दिया गया है। इस चित्र को प्यारे रंगों से रंगकर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

द कॉमन थिंग!

बच्चों, यहां चार तस्वीरें दी गई हैं। ये चारों तस्वीरें किसी एक महापुरुष से जुड़ी हैं। तुम्हें उस महापुरुष का नाम बताना है।

उत्तर: चारों तस्वीरें देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित हैं।